सेंसेक्स 81,508.46 ● निफ्टी 24,619.00 ● डॉलर 84.73 ● सोना 76,600 ● चांदी 1,00,000

पेज 06 मानवता के लिए सार्थक बने...
पेज 08 मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहार...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 24.00 | मिनीमम 10.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.03
सूर्योदय (कल) ▸ 06.18

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष नवमी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 10 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 157 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

पेज 12



## संक्षिप्त खबरें

### टुंडी के सीआरपीएफ कैंप में गोली लगने से जवान की मौत

**धनबाद।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित सैट रिजर्व पुलिस के हवलदार की रायफल साफ करने के दौरान सोमवार को गलती से गोली चल जाने से मौत हो गई है। घटना के बाद उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत जवान का नाम नंदकिशोर सिंह है, वह पलामू जिला के लेस्लीगंज का रहने वाला था। वहीं घटना की सूचना पर सिटी एसपी अजित कुमार अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही घटना की जांच के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किसान आंदोलन संबंधी नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन के मामले में सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पहले से मामला इस कोर्ट में लंबित है। हम नई याचिका स्वीकार नहीं करेंगे। अगर आप पहले से दायर मामले में कोर्ट की मदद करना चाहते हैं तो आपका स्वागत है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि ये पब्लिसिटी लिटिगेशन है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की शिकायतों पर सभी सकारात्मक कदम उठाये हैं। हम चाहते हैं कि यातायात में लोगों को असुविधा न हो। हमें 9 घंटे लग जाते हैं। तब जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमें सब कुछ मालूम है। ऐसा नहीं है कि केवल याचिकाकर्ता ही अकेला है, जो समाज का जागरूक व्यक्ति है और बाकी लोगों को पता नहीं है। आप एक ही किस्म की याचिका दोबारा दाखिल न करें।

### इंद्राणी मुखर्जी को विदेश जाने की अनुमति देने की मांग पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया की पूर्व निदेशक और शीना बोरा हत्या मामले में आरोपित इंद्राणी मुखर्जी को विदेश जाने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। इंद्राणी मुखर्जी ने बांबे हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें विदेश जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इंद्राणी मुखर्जी को स्पेन और ब्रिटेन की दस दिनों की यात्रा पर जाना है। 19 जुलाई को ट्रायल कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी को विदेश जाने की इजाजत दे दी थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले को सीबीआई ने बांबे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने 27 सितंबर को ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया था। हाई कोर्ट के इसी फैसले को इंद्राणी मुखर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने उनके दीघार्यु होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, "सोनिया गांधी जी के जन्मदिन पर मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।" उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस ससंदीय दल की अध्यक्ष हैं। वो आज 78 साल की हो गईं।

प्रधानमंत्री ने एलआईसी बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ

# पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में एलआईसी बीमा सखी योजना के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के एक दशक बाद इसी से बहनों-बेटियों के लिए 'बीमा सखी योजना' का प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते 10 वर्षों में नारी सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने के संकल्प के साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे।

मोदी ने कहा, 'आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज 9 तारीख है, शास्त्रों में 9 अंक को बहुत शुभ माना जाता है। 9 अंक नवदुर्गा की नव शक्तियों से जुड़ा है। 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान की 75वीं वर्षगांठ का महोत्सव मना रहा है, 9 दिसंबर की ये तारीख हमें समानता और विकास को सर्वस्पर्शी बनाने की प्रेरणा देती है। कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव चल रहा है। मैं गीता की धरती को नमन करता हूं। हरियाणा ने जिस तरह से 'एक है तो सुरक्षित है' के मंत्र को अपनाया है, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है।'



### हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तौलने वाले परेशान

विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तौलने वाले लोग आज बहुत परेशान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। जिन लोगों ने माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझा, वो इस मजबूत रिश्ते को समझ भी नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार दोगुनी गति से काम कर रही है।

### हमारी सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है

प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक हमारे देश में ऐसे अनेक काम थे, जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की हमारी सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा कि आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे। हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। उन्होंने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है यानि जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। मोदी ने कहा कि आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में हमने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है।

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र प्रारंभ

# प्रोटेम स्पीकर ने सीएम सहित 80 विधायकों को दिलाई शपथ

संवाददाता

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई गयी। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

● कार्यवाही 10 दिसंबर पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित



### सदन में इस बार दिखे 21 नये चेहरे

इस बार सदन में 21 नये चेहरे दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं, 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। राजद, माले, आजसू एवं जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया।

### 10 विधायकों ने लगायी जीत की हैट्रिक

सदन पहुंचने वाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं। स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं।

स्मार्ट सिटी में बने मंत्रियों के आवास का सीएम ने किया निरीक्षण

## आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी तक करें पूर्ण : मुख्यमंत्री



संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कई दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास और पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था और झूला इत्यादि लगाने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार और जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : हेमंत सोरेन

संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।



## राहुल नार्वेकर बने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राहुल नार्वेकर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया है। अस्थाई अध्यक्ष कालीदास कोलंबकर ने विधानसभा में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ राहुल नार्वेकर का नामांकन आया है, इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा रहा है।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष पद के आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि रविवार दोपहर 12 बजे तक थी। इस दौरान भाजपा नीत एनडीए के उम्मीदवार के रूप में राहुल नार्वेकर ने रविवार को विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।



इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल आदि मौजूद थे। महाविकास अघाड़ी ने अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला लिया था, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के पास 288 सीटों वाले सदन में 237 विधायकों का मजबूत संख्याबल है। इसलिए आज अस्थाई अध्यक्ष ने राहुल नार्वेकर को अध्यक्ष पद नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

राहुल नार्वेकर लगातार दूसरी बार महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नार्वेकर के अध्यक्ष पद की घोषणा होने के बाद नए अध्यक्ष का धन्यवाद प्रस्ताव सदन में पेश किया। इस प्रस्ताव पर देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा अध्यक्ष के निर्विरोध चुनाव की परंपरा को कायम रखने के लिए विपक्षी दलों और नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह एक अध्ययनशील, संयमित व्यक्तित्व हैं। अब इस पद पर चुने जाने के बाद राहुल नार्वेकर सभी विधायकों को न्याय देंगे।

शीतकालीन सत्र > लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष की तकरार के चलते गतिरोध जारी

# दोनों सदनों में नहीं हो पाया कामकाज, सदन स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को पक्ष-विपक्ष की विभिन्न मुद्दों पर तकरार के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी है। दोनों सदन थोड़े-थोड़े अंतराल पर ही पहले 12 बजे, फिर 2 बजे और फिर 3 बजे तक के लिए स्थगित किए गए। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं चली और उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को चेताया। उन्होंने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। 12 बजे भी कार्यवाही थोड़े अंतराल में ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे लोकसभा में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देना चाहा लेकिन हंगामें के चलते कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। तीन बजे फिर से सदन का कामकाज शुरू होने पर हंगामा रहा और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया।



### राज्यसभा में चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर



उधर, राज्यसभा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रही। सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित होने के बाद वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर ऐसे संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया, जिन्हें जॉर्ज सोरोस का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों का खंडन किया और सत्ता पक्ष पर ही आरोप लगाए। इस दौरान सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा और शोरगुल जारी रहा। इसके बाद सभापति ने तकरार थमती न देख कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि 3 बजे भी सदन नहीं चल पाया और कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 राज्यसभा में पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इस विधयेक को लोकसभा ने पिछले हफ्ते ही पारित कर दिया था। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्?यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने, निवेशकों, ग्राहकों और उपभोक्ता सुविधा तथा सुरक्षा बढ़ाने संबंधी बैंकिंग संशोधन विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पास होने से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा। इससे नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के संबंध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी। इस विधयेक के जरिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम-1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम-1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में बदलाव के लिए कुल 19 संशोधन प्रस्तावित हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

### प्रोटेम स्पीकर का सीएम ने किया अभिवादन



**रांची।** षष्ठम विधान सभा के प्रथम सत्र प्रारंभ होने से पूर्व झारखंड विधान सभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन ने श्री मरांडी को बुके देकर अभिवादन किया।

### सुरेश बैठा ने विधान सभा में माथा टेक शपथ ली



**रांची।** षष्टम विधानसभा में सोमवार को विधानसभा के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली इसमें कांके विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा विधानसभा मे प्रवेश करने से पूर्व विधानसभा पर माथा टेका और अपने हाथ में संविधान बुक ले कर पहुंचे और विधानसभा, ली शपथ ली।

### जयराम महतो ने अपनी क्षेत्रीय भाषा में ली शपथ



**रांची।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हुआ। छठी विधानसभा सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदन की कार्यवाही शुरू की। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। इस दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो ने अपनी क्षेत्रीय भाषा में शपथ ली। शपथ लेने के बाद जयराम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### सीपीआरएमएस एनइ बीओटी की बैठक

**रांची।** सीपीआरएमएस एनइ बीओटी की बैठक में इस स्कीम का सदस्य बनने का एक और मौका देने का निर्णय लिया गया। सदस्य बनने के लिए 60 हजार रुपए देने होंगे। 31 मार्च 2025 तक सदस्य बन सकते हैं।रायपुर में हुई बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक डॉ विनय रंजन ने किया,जबकि बैठक में डीएफ सीआईएल मुकेश अग्रवाल,डीपी एमसीएल केशव राव,डीपी सीसीएल एचएन मिश्रा,वी एम मनोहर (सीटू),अशोक यादव (एटक),शंकर प्रसाद बेहरा (एचएमएस),माधव नायक(बीएमएस) उपस्थित थे। बैठक में इस बात पर सहमति बनी की जो हॉस्पिटल इम्पैनल नहीं हैं,उसमें ईलाज कराने पर सीजीएचएस दर से भुगतान होगा। दिव्यांग बच्चे को सलाना 50 हजार ओपीडी मद में भुगतान होगा। जीवन प्रमाण पत्र सीआईएल के मेल आईडी पर भेजने का निर्णय हुआ। इसके लिए सीआईएल मेलआईडी जारी करेगी। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि 8 लाख समाप्त होने के फिर कैसे इलाज होगा। सूत्रों ने बताया कि फंड की स्थिरता के लिए गठित कमेटी की अनुशंसा पर मानकीकरण कमेटी की बैठक पर चर्चा के निर्णय के बाद बीओटी की अगली बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा।

### पुलिस अफसरों ने जमा नहीं किया एपीआर

**रांची।** तय समय पर झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों ने एनुअल परफॉरमेंस रिपोर्ट जमा नहीं किया। इसे लेकर एकबार फिर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ऑनलाइन एपीआर जमा करने का समय दिया है। मालूम कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत झारखंड पुलिस सेवा केंद्र अधिकारी के लिए एपीआर का ऑनलाइन अभिलेखन वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ है। इस दौरान यह बात संज्ञान में आया कि झारखंड पुलिस सेवा के अधिकारी ऑनलाइन एपीआर भरने की निर्धारित तिथि 15 सितंबर तक एपीआर का भाग एक और दो समर्पित नहीं कर सके। साथ ही प्रतिवेदक पदाधिकारी और समीक्षा के स्तर से भी मूल्यांकन के लिए एपीआर लंबित है, इसलिए झारखंड पुलिस सेवा के सभी पदाधिकारी को 10 दिसंबर तक एपीआर जमा करने के लिए अंतिम समय सीमा विस्तारित की गई है।

### लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश करते ही नतमस्तक हुए शत्रुघ्न महतो

**रांची।** बाघमारा के नव निर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो झारखंड विधानसभा पहुंचे,लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में प्रवेश करते ही नतमस्तक होकर नमन किया। इसके बाद शपथ ली और बाघमारा के आवाज को बुलंद करने का संकल्प लिया।

### रांची में कॉलेज और स्कूल की 100 मीटर की परिधि में साइलेंस जोन घोषितः एसडीओ

रांची। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया की माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री न. 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखा जाएगा। रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नही करना है एवं किसी प्रकार का लाउडस्पीकर/ ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नही करना है।

### छवि रंजन की जमानत पर फैसला 12 को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में फैसले की तिथि 12 दिसंबर को निर्धारित की है।

# पारा शिक्षकों का मानदेय 4 फीसदी बढ़ा

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय में जनवरी 2025 से चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने 2025, 2026 और 2027 तक बढ़ोतरी की राशि तय कर दी है।

इसमें 2027 में टेट पास पारा शिक्षकों को अधिकतम 27 हजार तक राशि मिलेगी, जबकि प्रशिक्षित पारा शिक्षकों को 20,160 रुपये मिलेंगे। अगर ये आकलन परीक्षा में सफल हो जाते हैं तो उन्हें 21,552 रुपये मिलेंगे। मालूमदकि मानदेय में बढ़ोतरी जनवरी 2023 से ही होती आ रही है। चार फीसदी राशि बढ़ोतरी के साथ-साथ शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल की मासिक मानदेय की गणना भी तय कर ली है। इसमें पूरे एक साल जनवरी से दिसंबर तक पारा शिक्षकों को कितना मानदेय मिलेगा इसका निर्धारण कर लिया गया है। वर्तमान में जनवरी 2024 से छठी से 8 वीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 24,300 और पहली से 5 वीं वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 22,680 दिये जा रहे हैं।

वहीं सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 19,656, जबकि आकलन पास के बाद 21,008 रुपये दिये जा रहे हैं।



इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षकों को 18,144 रुपये और आकलन परीक्षा पास करने वाले को 19,392 दिये जा रहे हैं।

### बढ़ोतरी पर लगी थी रोक, नहीं हो सका भुगतान

पारा शिक्षकों के मानदेय में 2023 जनवरी से चार प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2024 में भी बढ़ोतरी हुई, लेकिन अगस्त-सितंबर महीने में बढ़ोतरी को रोक दिया गया। चार फीसदी वार्षिक मानदेय वृद्धि निर्धारण करने में विभिन्न जिलों में तकनीकी समस्या हुई थी। इसमें कुछ जिलों में बढ़ोतरी के बाद मानदेय अलग-अलग हो गए थे। इस वजह से इसे रोका गया था। वहीं, करीब पांच हजार पारा शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें 2023 और 2024 के चार-चार फीसदी मानदेय की वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है। नगर निगम क्षेत्रों के इन पारा शिक्षकों के लिए नियमावली में संशोधन हुआ, लेकिन झारखंड में चुनावों की वजह से अब तक न लागू हुआ और ही एरियर का भुगतान हुआ।

**अब कितना मानदेय मिलेगा:** अब जनवरी 2025 से टेट पास पारा शिक्षक (6-8) को 25,200 रुपये और टेट पास पारा शिक्षक (1-5) को 23,530 रुपये दिये जाएंगे। वहीं, सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 20,384 मिलेंगे। इसमें आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षक को 18,816 रुपये दिये जाएंगे, जबकि जो आकलन परीक्षा पास हैं, उन्हें 20,112 रुपये मिलेंगे। पारा शिक्षकों के मासिक मानदेय की गणना आकलन परीक्षा के परिणाम की तिथि 29 सितंबर 2023 के आधार पर की गई है।

## झुंड से बिछड़ी नीलगाय कुंए में गिरी, मौत

### नरकोपी थाने की पुलिस व वन कर्मियों ने निकाला बाहर

संवाददाता

**रांची।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम बखार में सोमवार की दोपहर झुंड से भटकी एक नीलगाय कुंए में गिर गयी, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को काफी देर बाद हुई तब तक नीलगाय ढेर सारा पानी पी चुकी थी जिससे उसका पेट फुल गया था। बाद में उसे निकालने में उसकी मौत हो गयी।



जानकारी के मुताबिक नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम मदई व बखार टोली समेत कई गांवों में अगल बगल के जंगलों में कुछ महिनों से नीलगायों की झुंड डेरा डाले हुए है। जो जंगलों से निकल कर गांव तक लोगों के आंगन तक पहुंच रही हैं और जंगलों से सटे किसानों की खेत में लगी खेती को खाने के साथ रौंद कर बर्बाद कर रही हैं। सोमवार की दोपहर में भी कोहरा छाने के बाद नीलगायों की टोली बखार गांव में पहुंच गयी थी उसी दौरान भागने में एक नीलगाय को कुंए का अंदाजा नहीं हो सका इस लिए वह बखार गांव के खदिया टाना भगत के खेत में बने कुंए में जा गिरी।

नीलगाय के कुंए में गिरने की खबर काफी देर बाद 4.45 बजे ग्रामीणों और थाने को दी गयी। उसके बाद ग्रामणों की भीड़ घटना स्थल पर पहुंच गयी और पुलिस और फोरेस्ट के पदाधिकारियों के साथ मिल कर रस्सी में उसके फंसा कर उपर निकालने की कोशिश की जा रही थी उसी दौरान संभवतः रस्सी नीलगाय के गर्दन में कस गयी जससे उसकी मौत हो गयी।

खबर लिखे जाने तक वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की सहयोग से मृत नीलगाय को कुंए से बाहर निकल कर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रहे थे।

## रात्रि दस बजे के बाद बैंड बाजा, लाउडस्पीकर बजाना होगा वर्जित

### परेशानी होने पर 112 में डायल कर शिकायत कर सकेगे लोग

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम सभागार में सोमवार को निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित होने वाले स्थित बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला, विवाह भवन से विवाह एवं अन्य समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग रात में किये जाने पर आमजनों को होने वाले परेशानियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में बैंक्वेट हॉल, विवाह भवन, धर्मशाला संचालक उपस्थित हुए। इसमें स्पष्ट निदेश दिया गया कि राज्य में लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग के संबंध में लागू प्रिवैलिंग अधिनियम के आलोक में लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे। आवासीय क्षेत्र में ध्वनि की सीमा निर्धारित है एवं रात्रि 10.00 बजे से सुबह 6.00 तक इसे बजाना कानूनन प्रतिबंधित है। रात्रि 10.00 बजे के पश्चात लाउडस्पीकर, बैंड का उपयोग करने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आमजनों को भी सूचित किया गया कि लाउडस्पीकर, बैंड से किसी प्रकार की समस्या होने पर 112 में डायल कर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैठक में ये रहे शामिल



अपर प्रशासक संजय कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उत्कर्ष कुमार, सिटी डीएसपी के वी रमण, उप प्रशासक, गौतम प्रसाद साहु, सकायक प्रसाशक, निकेश कुमार एवं बाजार शाखा के कर्मचारी बैठक में शमिल थे।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का दिया आदेश

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। नौ जनवरी को अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा।

बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर के जरिये परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में हुई। मामले में राज्य सरकार के प्रतिशपथ पत्र पर निशिकांत दुबे की ओर से प्रतिउत्तर दिया गया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की।

पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल लोन ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके जरिये जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है। मामले को लेकर देवघर के जसीडीह थाना में कांड संख्या 96/2024 दर्ज किया गया है।

## सरकार की मंशा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की नहीं: मरांडी

संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने सोमवार को मीडिया में छपी खबर के हवाले से सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गए हैं। सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है, वहीं ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने



वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दशार्ता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। कहा कि यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है,ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है।

## अवैध रेलवे ई-टिकट बेचने के मामले में एक गिरफ्तार

संवाददाता



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे ई-टिकट के अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई की है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने पुंदाग ओपी पुलिस की सहायता से पुंदाग रोड के छोटी मस्जिद के समीप वसीर कॉम्प्लेक्स स्थित अरिशा कंप्यूटर सेवा नामक किराए की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान की जांच करने पर 15 पास किये गए ई-टिकट बरामद किए गए, जो दो पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए थे। इन टिकटों की कुल कीमत 43 हजार 822 थी। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए इन आईडी का उपयोग कर रेलवे ई-टिकट बना रहा था और प्रत्येक टिकट पर यात्रियों से वास्तविक किराए के अतिरिक्त 50 रुपये लेता था। आरोपित दुकानदार जावेद अख्तर को रेलवे एक्ट की धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया गया और धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को सहायता पहुंचाना ही मनोनयन कार्यक्रम का उद्देश्य : न्यायायुक्त दिवाकर

संवाददाता

**रांची।** झालसा रांची के निर्देश पर नालसा के द्वारा नवसंचालित - मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024 के अंतर्गत डालसा में नवगठित कानूनी सेवा युनिट के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मनोनयन कार्यक्रम वैसे लोगों को न्याय और सहायता प्रदान करना हैं। जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवा प्रदान करना तथा उन्हें समुचित सहायता पहुचाना है। प्रथम सत्र में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश -2, अतिरिक्त



कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों से मुखाबित हुए तथा उन्हें मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024 सहित बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं पर अपना मंतव्य रखा तथा प्रावधान के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया, जिससे प्रशिक्षु लाभान्वित हुए। नालसा द्वारा संचालित (मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 का संक्षिप्त अवलोकन, संरचना और मुख्य विशेषताओं के बारे में उपस्थित लोगों को बताया।

**ये रहे उपस्थित**

न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एस.एस. फातमी, अपर न्यायायुक्त-1, योगेश कुमार, अपर न्यायायुक्त-4-सह-पोक्सो जज, आसीफ ईकबाल, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश -2, अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, राजेश कुमार सिंह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालमुकुंद रॉय, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा, डिपुटी, कर्मचारी सहित सदस्यों के साथ-साथ अन्य उपस्थित थे।

## डॉ. अंशु साहू को मिला फेलोशिप

वरीय संवाददाता

**रांची :** इंदौर के रेडिसन बलु होटल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पियरे फोरचर्ड अकेडमी की ओर से प्रोफेसर डॉक्टर अंशु साहू ऑर्थोडॉटिस्ट को फेलोशिप प्रदान किया गया। यह सम्मान इस बार पूर्वी भारत के कुल 8 लोगो को दिया गया है। जिसमे 5 झारखंड के और 3 बिहार से थे। पियरे फोरचर्ड अकेडमी हर साल एक दीक्षांत समारोह और पुरस्कार समारोह का आयोजन कर दंत चिकित्सा पेशे में उनके योगदान के लिए योग्यता के आधार पर देश के योग्य दंत चिकित्सा पेशेवरों को एक फेलोशिप देता है। ज्ञात हो कि



1936 में स्थापित, पियरे फौचर्ड अकादमी एक अंतरराष्ट्रीय दंत चिकित्सा सम्मान संगठन है , जिसने दुनिया भर में 7000 से अधिक फेलो हैं। डॉक्टर अंशु साहू 22 साल से झारखंड में दंत चिकित्सा के आधुनिक, वैज्ञानिक उपचार प्रदान कर रहे हैं ।

## झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में हुई बारिश

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा,



लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के पूवानुर्मान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई। गढ़वा जिले में रात में हल्की बारिश हुई। पलामू में अहले सुबह करीब तीन बजे से हल्की बारिश शुरू हुई, जो सुबह 5:15 बजे तक होती रही।

गुमला में सुबह सात बजे से साढ़े सात बजे तक बारिश हुई। बारिश रुकने के बाद चारों तरफ जलजमाव हो गया। आसमान में अभी भी बादल छाए हैं। सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बेरमो में छह वर्षीय बालक की कुदाल से नृशंस हत्या, आरोपी हिरासत में

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत कोठी गांव में रविवार शाम को छह वर्षीय बालक डेविड राज की नृशंस हत्या कर दी गई। मृतक बालक अपने ननिहाल में अपने बड़े चाचा जानकी महतो के साथ रह रहा था। घटना के समय डेविड राज के नाना गोरी लाल महतो के घर के सभी सदस्य खलिहान में काम कर रहे थे। शाम करीब पांच बजे डेविड को गाय को चारा देने भेजा गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। जब परिजन खलिहान से लौटे, तो देखा कि डेविड का शव आंगन में पड़ा हुआ था और हत्या में प्रयुक्त कुदाल पास में पड़ा था। इसके बाद मृतक के माता-पिता ने पुलिस को सूचना दी और हत्या का आरोप डेविड के बड़े चाचा जानकी महतो पर लगाया। परिजनों के अनुसार, जानकी महतो अक्सर डेविड के साथ मारपीट करता था और उसे धमकी देता था कि वह उसे कुदाल से मार डालेगा। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल को जब्त कर लिया और शव का पंचनामा तैयार किया। मामले में थाना प्रभारी घनश्याम रवि ने आरोपी जानकी महतो को हिरासत में लिया और जांच शुरू कर दी है। मृतक बालक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### ऑल डीवीसी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 10 दिसंबर को मैथन बनाम मेजिया के बीच

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित स्वामी विवेकानंद फुटबॉल मैदान में आयोजित ऑल डीवीसी फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच 10 दिसंबर, मंगलवार को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मैथन और मेजिया की टीमें आमने-सामने होंगी। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के सदस्य सचिव डॉ. जॉन मथाई शामिल होंगे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच सोमवार को खेले गए थे। पहले सेमीफाइनल में मेजिया की टीम ने मेजबान बोकारो थर्मल को 2-1 से हराया। मेजिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो थर्मल को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैथन की टीम ने डीएसटीपीएस की टीम को 2-0 से हराया और फाइनल में पहुंची। अब, यह देखना होगा कि फाइनल में कौन सी टीम खिताब जीतने में सफल होती है।

### बोकारो में एक्टू का एक दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित, शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**बोकारो।** बोकारो थर्मल के सिक्स यूनिट स्थित त्रिजल नगर के अनंता मैरेज हॉल में एक्टू (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस) का एक दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया और शहीदों के प्रति एक मिनट का मौन धारण किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडली ने संयुक्त रूप से की, जिसमें गीता मंडल, बैजनाथ मिस्त्री, कृष्णा सिंह, महेश सांवरिया और बालेश्वर गोप शामिल थे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा (माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद और एक्टू के झारखंड प्रदेश महासचिव शुभेंदू सेन उपस्थित थे। जनार्दन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को परास्त कर राज्य के मजदूर वर्ग ने एक बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन खतरे अभी भी कम नहीं हुए हैं। उन्होंने एक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता पर जोर देते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। शुभेंदू सेन ने कहा कि मजदूरों को यूनियन से जोड़ने की जरूरत है ताकि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का मुकाबला किया जा सके। सम्मेलन में एक्टू के कई मजदूर नेताओं ने भी अपने विचार रखे और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए और संघर्ष को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी देने के आरोपित को रिमांड पर ले गई दिल्ली पुलिस

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड की राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपित को साथ ले गई। आरोपित मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ़्तार करने के बाद रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने सोमवार को उसे रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट के पेश किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने मिन्हाजुल की 72 घंटों की ट्रांजिट रिमांड देने का आग्रह किया लेकिन कोर्ट ने 48 घंटों की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम मिन्हाजुल को लेकर साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनसे रंगदारी मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली पुलिस और झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी जानकारी दी। शिकायत के मुताबिक, शुक्रवार को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया, जिसमें 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

## अंचल कार्यालयों में भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का दिया निर्देश

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सभी अंचलाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें अंचल कार्यालयों में लंबित भूमि संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि भूमि संबंधित मामलों में तेजी लाने के लिए एक ठोस योजना बनानी होगी, ताकि किसी भी तरह की लापरवाही या विलंब न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया जाए, जिससे आम नागरिकों के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान हो सके। इससे न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही, उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि संबंधित मामलों का समाधान सीधे तौर पर किया जा सके। यह प्रयास सरकारी सेवाओं की सुलभता और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा। बैठक में उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता सहित सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में अधिकारियों ने अपनी जमीनी समस्याओं और समाधान के तरीकों पर भी चर्चा की और उपायुक्त के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## ठंड को देखते हुए एसडीओ अलाव की व्यवस्था कराएं: कैलाश ठाकुर

संवाददाता



**फुसरो/ बोकारो।** पूर्व वार्ड पार्षद, विस्थापित नेता सह एचएमकेयू के ढोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा से ठंड के मौसम को देखते हुए बेरमो में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराने की अपील की है। इसके लिए उन्होंने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, बेरमो अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह, सीसीएल ढोरी जीएम रंजय कुमार सिन्हा, सीसीएल बीएंडके जीएम के रामाकृष्ण को भी इसकी जानकारी दी है। श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे बेरमो अनुमंडल में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पारा गिर रहा है। तापमान में गिरावट होने व शीतलहरी चलने के कारण कंपकपी बढ़ गई है। ठंड बढ़ने के कारण लोग दिन भर गर्म कपड़े में लिपटे नजर आ रहे हैं। घरों में रखें गर्म कपड़े, स्वेटर, मफलर जैकेट आदि को लोगों ने ठंड से बचने के लिए निकाल लिया है। शाम होते ही सड़कें सुनसान हो रही है। श्री ठाकुर ने बेरमो एसडीओ से विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की अपील की है।

## चास नगर निगम कार्यालय में बिजली व्यवस्था की समीक्षा बैठक

संवाददाता



**बोकारो।** चास नगर निगम कार्यालय में सोमवार को अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार की अध्यक्षता में बिजली व्यवस्था की स्थिति और सुधार के उपायों पर एक व्यापक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चास नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर में बिजली की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटों की स्थिति और उनकी मरम्मत के विषय में चर्चा की। अपर नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में बिजली आपूर्ति की स्थिति को तुरंत दुरुस्त करें और उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से सुधार करें, जहां विद्युत आपूर्ति में लगातार समस्या आ रही है। इसके साथ ही, उन्होंने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की सूची तैयार करने और उनकी मरम्मत की प्रक्रिया को शीघ्र गति देने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जहां लाइटों की मरम्मत संभव नहीं हो, वहां नई स्ट्रीट लाइटों का निर्माण शीघ्र किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने स्ट्रीट लाइट से जुड़े एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे किसी भी तकनीकी समस्या को तुरंत हल करें, ताकि शहरवासियों को अंधेरे में नहीं रहना पड़े।

बैठक में नगर निगम अधिकारियों ने शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निरंतर अभियान चलाने का निर्णय लिया और इसके लिए शहरवासियों से सहयोग की अपील की। अपर नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि हमें शहर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए। इस बैठक में सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी, जयपाल सिंह मुंडा, स्ट्रीट लाइट से जुड़े अधिकारी, नगर प्रबंधक और अन्य कर्मी मौजूद थे। अधिकारियों ने इन निदेर्शों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अपनी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया और शहरवासियों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

## गोमिया में विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्री योगेंद्र प्रसाद की उपस्थिति

संवाददाता




**बोकारो।** झारखंड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद रविवार को गोमिया प्रखंड के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मंत्री ने गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो और सीओ आफताब आलम के साथ मिलकर ह्यउन्नति का पहिया योजनाह्न के तहत कक्षा आठवीं की छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की। इस योजना के तहत राज्य सरकार बेटियों के शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए यह कदम उठा रही है, जिससे छात्राओं को स्कूल जाने में सुविधा हो और उनकी शिक्षा में कोई विघ्न न आए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच के कारण राज्य के ग्रामीण इलाकों में बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्वांग दक्षिणी और खम्हरा पंचायतों में अबुआ आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया। मंत्री ने गृह प्रवेश करते हुए लाभार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही, उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत भी की। मंत्री ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के बाद आम लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए निर्धारित बूथों पर जरूर भेजें, ताकि झारखंड राज्य पोलियो मुक्त बने। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजकिशोर मिश्रा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, खम्हरा पंचायत के मुखिया और कई समाजसेवी मौजूद थे।

## योजनाओं को समय पर पूरा करायें अधिकारी-कर्मचारी: स्मिता नागेशिया

संवाददाता

**खूंटी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, स्मिता नागेशिया ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, श्रम, पेयजल, कल्याण, पशुपालन, वन विभाग समेत अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की।। बैठक में बीडीओ ने प्रत्येक योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वन विभाग के तहत ग्राम वन समिति को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ हीं जंगली हाथियों के जरिये क्षतिग्रस्त किए गए ग्रामीणों के आवास को लेकर मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हाथियों से सुरक्षा के लिए ग्राम वन समिति को दी गई राशि का सदुपयोग करते हुए ग्रामीणों को टॉर्च, लाइट आदि जरूरी सामग्री बांटने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग के तहत प्रति माह राशन कार्ड धारियों को निर्धारित मात्रा में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। कर्रा प्रखंड से बाहर कार्य करने के लिए जाने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश श्रम पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्देश जेएसएलपीएस पदाधिकारी को दिया गया। एमओआइसी, सीएचसी कर्रा को शत प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं अंडर वेट बेबी और कुपोषित बच्चों को एमटीसी केंद्र में दाखिल करने औए शत प्रतिशत एमटीसी केंद्र में बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश एमओआइसी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कामकाज संभाला

संवाददाता



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा। सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा ताकि किसानों के हित में अधिक से अधिक काम हो सके। सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा। विचौलियों की भूमिका को खत्म किया जाएगा। कृषि विभाग रेवेन्यू जेनरेट करने की कोशिश करेगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने निर्देश दिया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में चलायी जा रही हेमंत सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की सभी कल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिये सभी विभागीय पदाधिकारी पूर्ण समर्पित होकर पूरे सामंजस्य के साथ अपनी भूमिका निभायें।

उन्होंने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कहा कि झारखण्ड मिल्क फेडरेशन मेधा से सम्बंधित दुग्ध उत्पादक किसानों को वित्तीय वर्ष 2024-24 में तीन रुपये की बजाय पांच रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने सम्बंधित संचिका पर सहमति दे दी। हालांकि, इस सबंध में पूर्व में कैबिनेट की बैठक में पहले ही सहमति प्राप्त हो गयी थी।

मंत्री ने विभागीय सचिव एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के साथ पहली बैठक में कहा कि किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कोताही सामूहिक विफलता का कारण बन सकती है। इसलिये सभी को सतर्क एवं सावधान रहने की जरूरत है। तिर्की ने सभी योजनाओं की समीक्षा की और इस सन्दर्भ में विभागीय कार्यकलापों के मामले में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला के सभी मुखियागण के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में अयोजित बैठक में सभी मुखिया से पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीने का पानी, बिजली, जेनरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, भवन की स्थिति, शौचालय, प्रज्ञा केंद्र, पहुँच पथ आदि की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा सभी मुखियागण को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए 31 दिसंबर 2024 तक व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया। बैठक के दौरान उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं अन्य सेवाओं के लिए लोगों को प्रखंड/अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिये सभी पंचायत भवन में सुविधा उपलब्ध करायें। सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र एवं इंटरनेट की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें।

### जहरीले तत्वों और उनके स्वास्थ्य पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में विस्तार से दी जानकारी

## केन्द्रीय विद्यालय में तम्बाकू के दुष्परिणाम पर सेमिनार

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय-1 में सोमवार को तम्बाकू के दुष्परिणाम पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जो बच्चों को तम्बाकू के उपयोग से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी मो. असलम ने बच्चों को तम्बाकू में पाए जाने वाले जहरीले तत्वों और उनके स्वास्थ्य पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू के सेवन से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्रों की जानकारी दी और बच्चों को यह बताया कि यदि कोई तम्बाकू का सेवन कर रहा है तो वह किस प्रकार इन केन्द्रों से मदद ले सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य मनोज कुमार ने बच्चों से अपील की कि वे तम्बाकू के दुष्परिणामों के बारे में अपने परिवार और मित्रों को भी बताएं और तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का नशा केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक नहीं है, बल्कि यह समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। प्राचार्य ने बच्चों को यह समझाया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन, कार्बन मोनोऑक्साइड, टार, बेंजीन जैसी रासायनिक गैसें हमारे शरीर को समय के साथ धीरे-धीरे नष्ट कर देती हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक और अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी उपस्थित थे। बच्चों ने तम्बाकू के दुष्परिणाम पर विचारों का आदान-प्रदान किया और इस संबंध में अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का मामला

## रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 23 को

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई। यह मामला भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता नवीन झा के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर ने आरसीए सीनियर को सात विकेट से हराया



**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले गए लीग मैच में सोमवार को आरसीए सीनियर चतरा और विवेकानंद क्लब गिद्धौर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच के दौरान, आरसीए सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरसीए सीनियर की टीम निर्धारित 23.5 ओवर में सभी विकेट खोकर केवल 162 रन ही बना पाई। इस पारी में आर्यन ने 30 रन और कुंदन ने 27 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। विवेकानंद क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अखिलेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट हासिल किए, जबकि रूपेश ने दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में रखा। विवेकानंद क्लब की टीम जब मैदान पर उतरी, तो उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 23.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 156 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ विवेकानंद क्लब ने आरसीए सीनियर को सात विकेट से हराया। गिद्धौर टीम की ओर से दीपक ने 55 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि प्रवीण ने 30 रन का योगदान दिया। उनकी इस शानदार साझेदारी के चलते टीम ने अपेक्षाकृत कम समय में लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच के दौरान पंकज कुमार को उनकी उत्कृष्ट गेंदबाजी और खेल की बेहतरीन रणनीति के लिए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे और मैच के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों की सराहना की। इस जीत के साथ विवेकानंद क्लब ने अपनी स्थिति को मजबूत किया है और आगामी मैचों के लिए आत्मविश्वास से भरपूर नजर आ रहा है।

### प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के कौलेश्वरी स्टेडियम में रविवार को एकल अभियान के तहत आयोजित प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र की 28 पंचायतों के करीब 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 11 बजे हुआ, जिसमें विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आयुष कुमार करमा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बिकुस कुमार डाहा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सिम्पी कुमारी बरहपुर ने पहला स्थान प्राप्त किया, और सरिता कुमारी कनौदी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा सुमन, अर्चना, आंचिका, अंशु, शनि, मनजीत, अंकित, खुशी, वीणा, नंदनी, पूनम, प्रिंस, दिव्यांशु, अमरजीत, जयप्रकाश, रविशंकर समेत अन्य बच्चों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए।।प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया, और तालियों से पूरा माहौल गूंज उठा। प्रतियोगिता में छात्रों के शानदार प्रदर्शन ने सभी को हर्षित किया। इस मौके पर प्रखण्ड क्षेत्र प्रभारी भरत सिंह, अंचल समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार सिंह, सुनील प्रसाद, सुरेंद्र भारती, अनीता कुमारी समेत सैकड़ों बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

### कुंदा बीडीओ ने ककहिया गांव में बांटे तिरपाल, बच्चों के लिए कंबल की व्यवस्था की बात कही



**कुंदा/चतरा।** कुंदा के बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने सोमवार को ककहिया गांव का दौरा किया और वहां पीड़ित परिवारों को पांच तिरपाल (प्लास्टिक) वितरित किए। इसके साथ ही उन्होंने जल्द ही कंबल की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। ठंड बढ़ने के साथ-साथ बीडीओ ने पीड़ित परिवारों को विद्यालय भवन में रहने की सलाह दी, ताकि बच्चों को ठंड से बचाया जा सके। 3 दिसंबर 2024 को उत्तरी वन क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ककहिया गांव में बिना किसी पूर्व सूचना के 9 घरों पर बुलडोजर चलवाकर उन्हें तोड़ दिया था। इस घटना के बाद गांव के लोग बेघर हो गए थे और ठंड के मौसम में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर छोटे बच्चों को। इस मौके पर बीपीओ अजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे और उन्होंने प्रभावित परिवारों से उनका हालचाल लिया।

## 12 वर्ष से अधूरा पड़ा पेक्सा सलिमपुर सड़क निर्माण

# ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

संवाददाता

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड के सलिमपुर से पेक्सा तक पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। इस सड़क का निर्माण कार्य 2012-13 में शुरू हुआ था, लेकिन अब तक यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



इस सड़क का निर्माण जेपी कंस्ट्रक्शन हजारीबाग द्वारा किया जा रहा था, लेकिन संवेदक की लापरवाही के कारण यह सड़क अब तक पूरी नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में लगभग दो किलोमीटर हिस्सा पांच साल पहले पीसीसी से तैयार किया गया था, लेकिन अब यह जर्जर हो गया है। पीसीसी के कई हिस्सों से गिट्टी निकल चुकी है, और सड़क के अन्य हिस्से भी खराब हो चुके हैं। इसके अलावा, बाकी तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण अब तक अधूरा पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को यात्रा करने में भारी परेशानी हो रही है। सड़क के इस हालत में रहने के कारण ग्रामीणों को गंदगी, धूल-मिट्टी और कीचड़ से जूझना पड़ रहा है, खासकर बरसात के मौसम में। यह सड़क क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों को जोड़ती है, जिसमें कान्हाचट्टी, सदर और गिद्धौर प्रखंड के लोग प्रमुख रूप से आते-जाते हैं। यह सड़क ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, लेकिन इसके निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संवेदक ने सड़क के निर्माण कार्य को वन भूमि के कारण अधूरा छोड़ दिया है, जबकि अन्य कारणों की वजह से भी यह काम लंबित पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने अब तक कई बार प्रशासन से इस सड़क के निर्माण को जल्द पूरा करने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने मांग की है कि संवेदक को काली सूची में डालते हुए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अन्य परियोजनाओं में इस तरह की लापरवाही न हो। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण जल्द पूरा किया जाए ताकि उनका जीवन सुगम हो सके और वे परेशानियों से बाहर आ सकें। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग से भी हस्तक्षेप की मांग की है और सुनिश्चित किया है कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूरा हो। इसके अलावा, उन्होंने संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि ऐसे मामलों में कोई और लापरवाही न हो।

## चतरा जिले में 23 पैक्सों पर होगा धान का क्रय

# 15 से खुलेगा क्रय केंद्र

संवाददाता



**चतरा।** चतरा जिले में इस वर्ष धान की खरीदारी के लिए 23 सरकारी क्रय केंद्रों का निर्धारण किया गया है। इन केंद्रों पर कुल 1.5 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला सहकारिता कार्यालय ने पहले 36 केंद्रों का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन जिला स्तरीय बैठक में 23 पैक्सों को चयनित किया गया। यह केंद्र 15 दिसंबर से शुरू होंगे। धान खरीदारी का कार्य समय पर नहीं शुरू होने से बिचौलियों की सक्रियता बढ़ रही है, जो किसानों से बहुत कम कीमत पर धान खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। इस वर्ष जिले में धान का उत्पादन अच्छा हुआ है, और उम्मीद जताई जा रही है कि 15 दिसंबर से धान की खरीदारी शुरू होगी। जिला आपूर्ति कार्यालय ने सभी चयनित पैक्सों के अध्यक्षों को क्रय कार्य की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया है। चयनित पैक्सों में हंटरगंज के सरदम जोरी, प्रतापपुर के व्यापार मंडल टंडवा और रामपुर, कान्हाचट्टी के जमरी बक्सपुरा, चतरा के दारियातू, मोकतमा, आरा, पत्थलगड्डा के मेराल और बरवाडीह, लावालौंग, गिद्धौर के बारियातू और द्वारी, कुंदा के नवादा, मयुरहंड के करमा और बेलखोरी, इटखोरी के धनखेरी जैसे महत्वपूर्ण पैक्स शामिल हैं।

## राम रघुवंशी का चतरा दौरा, पशु कल्याण पर विस्तृत चर्चा

# गौवंश के लिए उचित कदम उठाने पर हुई गहन चर्चा

### पशु तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने की रणनीति

संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य राम रघुवंशी का आज चतरा जिले में आगमन हुआ। उनका स्वागत जिले के उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पौधा भेंटकर किया। इसके बाद, समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गौवंश के संरक्षण और देखभाल से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से गौशालाओं के संचालन, गौवंश के उचित इलाज, देखरेख और सड़कों पर बैठे गौवंश के लिए क्या कदम उठाए जाएं, इस पर गहन विचार-विमर्श किया गया। राम रघुवंशी ने इस बात पर जोर दिया कि गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार द्वारा गौवंश के लिए जारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।



इसके अलावा, राम रघुवंशी ने बैठक में यह भी कहा कि पशुओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए एक कड़ा अभियान चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सीमा पर विशेष चौकसी रखी जाए और पशु तस्करी की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, पशुपालन विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। बैठक के बाद, राम रघुवंशी ने जिले में संचालित एक मातृ गौशाला का दौरा किया और वहां के संचालन से जुड़ी समस्याओं को सुना। उन्होंने गौशाला के प्रतिनिधियों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को इस बारे में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि पशु कल्याण बोर्ड के माध्यम से गौशालाओं को और भी अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वहां के वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके और गौवंश की देखरेख में कोई कमी न रहे। इस बैठक और दौरे के बाद, राम रघुवंशी ने जिले के पशुपालन क्षेत्र में सुधार और गायों के कल्याण के लिए और कई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की। उनका यह दौरा चतरा जिले में पशु कल्याण के लिए एक नया कदम साबित होगा।

## चिराग पासवान के स्वागत के लिए तेजी से चल रही तैयारियां

# समाजसेवी प्रेम सिंह सैंकड़ों समर्थकों के साथ लोजपा (रा) में होंगे शामिल

### चतरा कॉलेज मैदान में पंडाल निर्माण

संवाददाता

**चतरा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में आगामी 14 दिसंबर को चतरा में आयोजित होने वाले जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि यह कार्यक्रम लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद लोजपा(रा) द्वारा आयोजित पहला बड़ा कार्यक्रम होगा। पार्टी कार्यकर्ता और नेता इसे ऐतिहासिक बनाने की पूरी कोशिश में जुटे हुए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, चतरा कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पंडाल के निर्माण के साथ ही सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।



कार्यक्रम में चिराग पासवान, पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त करेंगे।

इसके अलावा, विभिन्न दलों से लोजपा(रा) में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। इस दौरान, समाजसेवी और पूर्व मुखिया प्रेम सिंह चतरा जिले के सैकड़ों समर्थकों के साथ लोजपा(रा) का दामन थामेंगे।।प्रेम सिंह का लोजपा(रा) में शामिल होना जिले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में कई राजनीतिक दलों के नेता, मुखिया और कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल होंगे। पार्टी कार्यकताओं का मानना है कि प्रेम सिंह के नेतृत्व में लोजपा(रा) के संगठन को जिला स्तर पर और भी मजबूती मिलेगी। कार्यकताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए वे लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसके तहत लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो सकें। इस कार्यक्रम से पार्टी को नए कार्यकताओं की भी भर्ती की उम्मीद है। पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरी यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं की निगरानी में तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

## अधिवक्ता संघ तेनुघाट के चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

### आज नामांकन पत्र जांच की जाएगी

### । 11 दिसंबर को नाम वापस लेने की तिथि निर्धारित है

### 20 दिसंबर को मतदान और मतगणना होगी।

संवाददाता

**तेनुघाट/जारंगडीह।** झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के आदेश के आलोक में अधिवक्ता संघ तेनुघाट के सत्र 2024-26 के चुनाव को लेकर शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए मदन गोपाल वर्मा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद के लिए अवध किशोर सिंह, महासचिव पद के लिए वकील महतो, सहायक सचिव प्रशासन पद के लिए सुशील कुमार सिंह, सहायक सचिव पुस्तकालय पद के लिए राकेश कुमार एवं अरुण कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष पद के लिए चंद्रशेखर प्रसाद एवं महेश ठाकुर तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए नरोत्तम प्रसाद, शारदा देवी एवं निरंजन महतो ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उक्त जानकारी देते हुए चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने बताया कि आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन था। जिसमें अध्यक्ष पद पर कामेश्वर मिश्रा, मदन गोपाल वर्मा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद पर वेंकट हरि विश्वनाथन, अवध किशोर सिंह एवं मोहितोष चक्रवर्ती, महासचिव पद पर रमेंद्र कुमार सिन्हा, वकील प्रसाद महतो एवं वकील महतो, सहायक सचिव प्रशासन पद पर शंकर ठाकुर एवं सुशील कुमार सिंह, सहायक सचिव पुस्तकालय पद पर राकेश कुमार एवं अरुण कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद पर नरेन्द्र कुमार सिंह, आनंद कुमार श्रीवास्तव एवं गणेश तिवारी, सहायक कोषाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर प्रसाद एवं महेश ठाकुर तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य पद पर अनील कुमार प्रजापति, धर्मवीर कुमार जयसवाल, शारदा देवी, निरंजन महतो एवं नरोत्तम प्रसाद चुनाव मैदान में हैं। बताया कि मंगलवार 10 दिसम्बर को नामांकन पत्र जांच की जाएगी। 11 दिसंबर को नाम वापस लेने की तिथि निर्धारित है। जबकि 20 दिसंबर को मतदान और मतगणना होगी। इस अवसर पर चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, उमेश प्रसाद और बिनोद कुमार गुप्ता के साथ मनोज कुमार, मजहर जानी और पंकज कुमार झा भी मौजूद थे।

# डीएवी ढोरी के अस्मित ने नेशनल स्पोर्ट्स में जीता कांस्य पदक

संवाददाता

**बेरमो।** मकोली स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ढोरी के कक्षा 12वीं के छात्र अस्मित कुमार ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष क्लस्टर स्तर, प्रांत स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभर के डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं।

इस वर्ष का मेगा स्पोर्ट्स इवेंट 2 से 4 दिसंबर 2024 तक नई दिल्ली में आयोजित हुआ था, जिसमें 22 प्रांतों से आए 2800 से अधिक प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की। विद्यालय के तीन अन्य प्रतिभागियों, कक्षा 11वीं के शिवम कुमार, कक्षा 10वीं के सागर कुमार और कक्षा 10वीं के सिकंदर बास्की ने भी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया, लेकिन वे चौथी और पांचवीं रैंक से संतुष्ट रहे। विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अस्मित कुमार का उत्साहवर्धन किया।



विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मुकेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों, उनके माता-पिता और क्रीड़ा शिक्षकों, अनिल कुमार, विनोद तिवारी, शुभम सिंह और शीतल समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी और उनका स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के पीके सहाय, शिवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, साधु चरण शुक्ला, गोपाल शुक्ला और अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह एएडीओसीएम में भव्य रूप से मनाया गया

संवाददाता

**धनबाद।** सीसीएल के ढ़ोरी प्रक्षेत्र स्थित एएडीओसीएम परियोजना में 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 04 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को सीसीएल के ढ़ोरी क्षेत्र के जीएम ऑपरेशन मनोज कुमार पाठक, रजरप्पा परियोजना के कन्वेनर प्रोजेक्ट ऑफिसर आरके सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत झंडातोलन, कोल इंडिया के कॉरपोरेट गीत गाने और दीप जलाने से हुई। इस मौके पर एएडीओसीएम माइंस का निरीक्षण करने के लिए रजरप्पा परियोजना की टीम भी पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और उनके कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य करने के उपायों को सुनिश्चित करना था। मुख्य अतिथि, सीसीएल के जीएम ऑपरेशन मनोज कुमार पाठक ने इस अवसर पर कहा कि खान सुरक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार इस सप्ताह का आयोजन किया गया है, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।

उन्होंने कहा कि खदानों में सुरक्षा के उपायों को ध्यान में रखते हुए ही अधिकतम उत्पादन संभव है और इसके लिए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।।रजरप्पा परियोजना के कन्वेनर प्रोजेक्ट ऑफिसर आरके सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग बनाए रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सुरक्षित खदान ही अधिक उत्पादन करती है, और खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।।इस कार्यक्रम में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुरक्षा नियमों पर आधारित जागरूकता सत्र शामिल थे। इन कार्यक्रमों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और बेहतर कार्य प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार सिंह और आईएसओ बीपी सिंह ने कहा कि खदान में काम करते समय छोटी-छोटी सावधानियों को बरतने की आवश्यकता है। उदाहरण स्वरूप, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य होना चाहिए। इस आयोजन में खान प्रबंधक मुनिनाथ सिंह, सेफ्टी ऑफिसर अतुल कुमार, एसओ सिविल मनोज कुमार साहू, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा, एफएम संजय सिंह, पीई एक्सवेशन सुभाषचंद्र सिन्हा, पीई ईएंडएम अकबर आलम, संतोष साव, ज्ञानदीप कुमार, सुभाष चंद्र सिन्हा, और कई अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, यूनियन प्रतिनिधि गणेश मल्लाह, धीरज पांडेय, जयराम सिंह, किशुन नायक, जयनाथ मेहता सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस पूरे कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी ओवरमैन अशोक सरकार ने निभाई।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 10 दिसंबर 2024

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# छात्र सामाजिक समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए कार्य करें: राज्यपाल

संवाददाता

**धनबाद।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह एक ऐसी परंपरा का प्रतीक है, जिसने ज्ञान, नवाचार और राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को साकार किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपका दायित्व है कि आप सामाजिक समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए कार्य करें। एक विकसित भारत तभी संभव होगा जब हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएँ।

उन्होंने संस्थान के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी स्थापना 1926 में खनन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से की गई थी। यह संस्थान देश के शैक्षिक एवं औद्योगिक विकास का दर्पण है और आज यह अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि सोमवार को आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के 99वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि आज जब हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो आईआईटी (आईएसएम) जैसे संस्थानों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां से पढ़े विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है।




राज्यपाल ने संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आईआईटी (आईएसएम) केवल तकनीकी और अकादमिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक बदलाव की प्रेरणा भी है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखें और समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

राज्यपाल ने संपूर्ण आईआईटी (आईएसएम), धनबाद परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह संस्थान अपने ज्ञान, नवाचार और सेवा की परंपरा को जारी रखते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद अपने आगामी वर्षों में और भी उत्कृष्टता को प्राप्त करने की ओर सक्रियता से अग्रसर होगा और वैश्विक स्तर पर अपने योगदान से विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

राज्यपाल ने इस दौरान संस्थान का डिजिटल कैलेंडर भी लॉन्च किया।

इस दौरान कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद और बर्नपुर एवं दुगार्पुर स्टील प्लांट के प्रभारी चेयरमैन ब्रिजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाघमारा में आगामी महायज्ञ की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बैठक, भव्य आयोजन की योजना



**धनबाद।** बाघमारा में श्री श्री रामराज मंदिर के समीप मैदान में आगामी महायज्ञ के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह महायज्ञ फरवरी माह के पहले सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने की, जबकि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। शेखर सिंह ने बैठक में कहा कि जब ढुल्लू महतो विधायक पद पर थे तो महायज्ञ भव्य था, लेकिन अब वे सांसद हैं, तो इस महायज्ञ का आयोजन और भी भव्य और यादगार होगा। बैठक में यज्ञ समिति के कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई और यह तय किया गया कि कैसे इस आयोजन को सफल और प्रभावशाली बनाया जाय।

### बाघमारा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ 10 दिसंबर से रैयतों का धरना




**धनबाद।** बाघमारा अंचल कार्यालय में जमीन से जुड़े मामलों में हो रही भ्रष्टाचार और लूटपाट के खिलाफ स्थानीय रैयतों ने आंदोलन का ऐलान किया है। ग्राम स्वराज अभियान के नेतृत्व में कई रैयतों ने बताया कि अंचल कार्यालय में हल्का कर्मचारी और अधिकारी सीधे तौर पर काम नहीं करते। ब्रोकरों के माध्यम से रिश्वत लिए बिना कोई शिकायत नहीं सुनी जाती। ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने कहा कि अंचल कार्यालय में जमीन से जुड़ी शिकायतों का निपटारा केवल रिश्वत के माध्यम से किया जाता है। रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, कैलाश रजवार, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, दिलीप महतो और अन्य ने बताया कि उनकी जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर अधिकारी बार-बार टालमटोल करते हैं। रैयतों ने अपनी समस्याओं का समाधान न होने पर 10 दिसंबर से अंचल कार्यालय बाघमारा में अनिश्चितकालीन धरना देने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले एकजुट होकर संघर्ष की शुरूआत की है।

### शासनबेड़िया मोड़ पर चोरी : पान गुमटी में 20 हजार नकद और सामान पर हाथ साफ



**धनबाद।** धनबाद के कुमारधुबी-निरसा क्षेत्र के शासनबेड़िया मोड़ पर रविवार रात चोरों ने एक पान गुमटी को निशाना बनाया। चोरों ने गुमटी की छत पर लगी एस्बेस्टस शीट तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और कीमती सामान चुरा लिए। यह गुमटी स्थानीय दुकानदार अशोक मांझी की थी। सोमवार सुबह जब अशोक मांझी ने दुकान खोली, तो उन्होंने देखा कि छत टूटी हुई है और सारा सामान गायब है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश जताया। लोगों ने पुलिस पर गश्ती नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और पुलिस प्रशासन इसे रोकने में नाकाम हो रहा है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस घटना ने स्थानीय दुकानदारों और निवासियों को झकझोर कर रख दिया है। वे अब अपनी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार कर रहे हैं। पुलिस ने चोरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## पूर्वी टुंडी सीआरपीएफ कैंप में हादसा : राइफल की सफाई के दौरान सिपाही की मौत

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के पूर्वी टुंडी स्थित सीआरपीएफ कैंप में सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना घटी, जब राइफल साफ करने के दौरान गोली चलने से सिपाही की मौत हो गई। मृतक सिपाही नंदकिशोर सिंह कैंप में हवलदार के पद पर तैनात थे। यह घटना उस समय हुई जब नंदकिशोर अपनी राइफल की सफाई कर रहे थे। अचानक गोली चली, जो सीधे उनके सिर में लगी। सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद पूरे कैंप में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे।



अधिकारियों ने कहा कि यह घटना राइफल की सफाई के दौरान मानक प्रक्रियाओं का पालन न करने के कारण हुई। सीआरपीएफ अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ा सबक है, क्योंकि राइफल की सफाई के दौरान ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। नंदकिशोर सिंह के सहकर्मियों ने उनके व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। उनके परिवार को इस दुर्घटना से गहरा आघात पहुंचा है।

## बीसीसीएल ने 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बीसीसीएल सामुदायिक भवन, कोयला नगर में 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम और जागरूकता' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और पूर्व महाप्रबंधक डॉ. किरण, दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता और बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण रमैया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. किरण ने ₹यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम₹ की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा बनाए रखने और यौन उत्पीड़न रोकने के लिए यह अधिनियम कितना महत्वपूर्ण है।



उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। डीएवी स्कूल, कोयला नगर के छात्रों ने स्वागत गीत और शिव शंकर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इसके बाद नर्सिंग छात्राओं और बीसीसीएल की टीमों ने नुक्कड़ नाटक और लघु नाटकों के माध्यम से यौन उत्पीड़न रोकथाम का संदेश दिया। इन प्रस्तुतियों ने विषय को सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाने का कार्य किया। बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण ने कहा कि कार्यस्थल को सुरक्षित और समावेशी बनाने के लिए आपसी सम्मान और संवेदनशीलता बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि बीसीसीएल हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान को प्राथमिकता देता है। कार्यक्रम में बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और दीक्षा महिला मंडल की सदस्याओं ने भाग लिया।

## गोविंदपुर में सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



संवाददाता

**गोविंदपुर।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। इस आयोजन की अगुवाई वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन निर्मला अस्पताल में किया गया, जहां कुष्ठ रोगियों के साथ इस खास दिन का जश्न मनाया गया। समारोह में केक काटा गया और कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया गया। इसके साथ ही, उन्हें फल और मिठाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी ने की। इस मौके पर अशोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सोनिया गांधी ने न केवल कांग्रेस पार्टी को संगठित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि देश के विकास में भी उनका योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सोनिया गांधी केंद्र में विपक्ष की मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रही हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता ने पार्टी को मजबूती प्रदान की है। अशोक कुमार सिंह ने आगे कहा कि झारखंड में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के संघर्ष में कांग्रेसियों ने एक अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने राज्य में अपनी स्थिति को मजबूत किया है और भाजपा को झारखंड में पिछड़ा हुआ दल बना दिया है। प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी ने अपने संबोधन में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की।

## सांसद ढुलू महतो ने संसद में झारखंड और धनबाद की समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने संसद में झारखंड और धनबाद की विकास से जुड़ी समस्याओं को पूरी गंभीरता से उठाया। उन्होंने झारखंड में बढ़ते प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय योजनाओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक बचत योजनाओं को लेकर सवाल किए। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद में खनन और औद्योगिकीकरण से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान पर चिंता जताई और सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की। पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि धनबाद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम लागू किया गया है। इसके तहत धनबाद में 10 नए मॉनिटरिंग स्टेशन और 5 एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जो वायु गुणवत्ता की निगरानी करेंगे। इसके अलावा, खनन से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सतत खनन तकनीक और हरित पट्टी विकास पर भी काम किया जा रहा है। सांसद ने संसद में झारखंड के बच्चों के लिए ₹एनपीएस वात्सल्य योजना₹ की जानकारी मांगी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह योजना बच्चों के लिए दीर्घकालिक पेंशन योजना है, जिसमें सालाना न्यूनतम 1000 रुपये का योगदान करना होगा। यह योजना बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए बनाई गई है और इसे सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र धनबाद में शहरीकरण और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती पर सांसद ने सवाल उठाया। सरकार ने बताया कि नगर निगम और राज्य सरकार द्वारा सतत विकास के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। इनमें खनन क्षेत्रों में धूल नियंत्रण के लिए आधुनिक उपकरण और हरित पट्टी विकास के प्रयास शामिल हैं। सांसद ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य अपने क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और झारखंड के समग्र विकास को प्राथमिकता देना है।

### तेतुलमारी में अवैध कोयला कारोबार पर प्रशासन मौन, कमल रवानी गिरोह बेखौफ

**धनबाद।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों के अनुसार, गंडुआ सिटी हार्ट के सामने स्थित आठ लाइन के पास एक बड़े गोदाम का संचालन किया जा रहा है, जिसका प्रमुख क्रांति नामक व्यक्ति बताया जा रहा है। इस गिरोह का नेतृत्व कमल रवानी कर रहा है, जिसे अवैध खनन और कोयला डिपो संचालन का सरगना माना जा रहा है। उसके साथ अमित, क्रांति, मुन्ना, और हेमंत जैसे सहयोगी भी इस काले धंधे में सक्रिय हैं। यह गिरोह वेस्ट मोदीडीह में कई अवैध खदानों का संचालन करने के साथ सिटी हार्ट के सामने खुलेआम कोयले का डिपो चला रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार से सरकारी संपत्ति को भारी क्षति हो रही है और आम लोगों की आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बावजूद इसके, तेतुलमारी पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कोयला कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय।

### खरखरी कोलियरी में ग्रामीणों की महाबैठक

## रोजगार और मुआवजा को लेकर बड़ा आंदोलन तय



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के मधुबन क्षेत्र में स्थित खरखरी कोलियरी को बीसीसीएल एरिया नंबर वन के अंतर्गत निजी कंपनी हिलटॉप को एमडीओ मोड पर संचालन के लिए दिया गया है। इस फैसले से स्थानीय ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है, क्योंकि इसे ग्रामीणों की भागीदारी और सहमति के बिना लागू किया गया। शनिवार को बाबूडीह बस्ती में खरखरी, सिनीडीह, धमाबांध, देवघरा, बाबूडीह, बाडुघुटी, आमबगान, सूयार्डीह और आमाटांड़ बस्तियों के सैकड़ों ग्रामीणों ने महाबैठक आयोजित की। इस बैठक में जमीन के बदले उचित मुआवजा, स्थानीय युवाओं को रोजगार और विकास कार्यों में हिस्सेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने हिलटॉप कंपनी और बीसीसीएल को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी उनके अधिकारों की अनदेखी करते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण करा रही है। उनका आरोप है कि रैयतों को बिना जानकारी दिए उनकी जमीन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पूरी तरह से अनुचित है। दूसरी ओर, कंपनी ने खरखरी जंगल में बाउंड्री निर्माण का काम जारी रखा है। इस काम में नावागढ़, फुलारीटांड़ खटाल, आशा कोठी खटाल और महेशपुर के युवकों को लगाया गया है। यह स्थिति तनावपूर्ण हो गई है, क्योंकि स्थानीय ग्रामीणों और निर्माण कार्य में लगे युवकों के बीच वर्चस्व को लेकर टकराव की संभावना है। इस संभावित विवाद को रोकने के लिए मधुबन और धमाबांध थानों की पुलिस ने इलाके में कड़ी निगरानी रखी है। महाबैठक में ग्रामीण नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल और हिलटॉप कंपनी को स्थानीय युवाओं को रोजगार देना होगा और जमीन का उचित मुआवजा देना होगा। यदि इन मांगों की अनदेखी की गई, तो वे अपनी जमीन और अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेंगे। बैठक में सुभाष सिंह, अनिल रजवार, संजय महतो, सुखदेव महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

धनबाद | एसजेएएस अस्पताल धनबाद में सफल बाईपास सर्जरी

# डाक्टरों के प्रयास से गंभीर मरीज को मिली नई जिंदगी

संवाददाता

**धनबाद।** एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, धनबाद में एक जटिल और चुनौतीपूर्ण बाईपास सर्जरी के माध्यम से एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को नई जिंदगी प्रदान की गई है। मरीज, जो पिछले दस वर्षों से डायबिटीज, क्रॉनिक स्मोकिंग और सीओपीडी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं और बिना किसी छाती में भारीपन के सामान्य जीवन जी रही हैं। मरीज को पटना में एंजियोग्राफी के दौरान तीन महत्वपूर्ण हृदय की नसों में क्रिटिकल ब्लॉकेज का पता चला था। उनकी स्थिति इतनी जटिल थी कि पटना, रांची और कोलकाता के बड़े अस्पतालों ने उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए बाईपास सर्जरी करने से मना कर दिया। ऐसी निराशाजनक स्थिति में मरीज और उनके परिवार ने एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, धनबाद का रुख किया।



### एसजेएएस उम्मीद की किरण

अस्पताल के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार और उनकी कुशल टीम ने मरीज की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया और सर्जरी की योजना बनाई। डॉक्टरों ने सर्जरी के दौरान मरीज की तीन प्रमुख नसों के ब्लॉकेज को सफलतापूर्वक ठीक किया। यह सर्जरी न केवल तकनीकी रूप से जटिल थी, बल्कि मरीज की जान बचाने में निर्णायक साबित हुई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति तेजी से सुधरी और वह अब सामान्य जीवन जीने में सक्षम हैं। मरीज के परिवार ने अस्पताल के डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक नया जीवन जैसा है। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. आनंद, डॉ. स्वपन, और डॉ. नून का नाम लेते हुए उनके समर्पण और उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की।

### मरीज के परिवार का भावुक संदेश

मरीज के परिवार ने कहा कि हमने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन एसजेएएस अस्पताल और यहां के डॉक्टरों ने हमें संजीवनी दी। उनकी कुशलता और मानवीय संवेदनशीलता ने हमारे जीवन में फिर से खुशियां लौटाईं। यह सर्जरी हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### उद्देश्य: उच्च गुणवत्ता की सेवा

एसजेएएस अस्पताल के निदेशक ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे अस्पताल का उद्देश्य हमेशा मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि हमारी टीम अपने कर्तव्यों में पूरी तरह समर्पित है। हम मरीज के अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मैं डॉ. श्रवण कुमार और उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। इस सफलता ने धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में एसजेएएस अस्पताल को एक भरोसेमंद नाम बना दिया है। अस्पताल की टीम ने यह साबित कर दिया कि समर्पण, आधुनिक चिकित्सा तकनीक और सही दृष्टिकोण से जटिल से जटिल मामलों में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## सुभाषितम्

**कबिरा आप ठगाइये, और न ठगिये कोय। आप ठगे सुख होत है, और ठगे दुख होय? - कबीर**

## खनन माफिया अरावली चाट गया

५इस खबर से देश के हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित होना चाहिए कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत श्रृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था।

स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत श्रृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण कर-के अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

## मंईयां सम्मान योजना : झारखंड की महिलाओं के लिए एक सशक्त पहल

झारखंड सरकार की मईया सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक नई उम्मीद लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से राज्य की 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जो न केवल उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मददगार है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान करती है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए यह योजना एक वरदान साबित हो रही है, जो अपने परिवार का भरण-पोषण करने के बावजूद आर्थिक रूप से असुरक्षित महसूस करती थीं। मईया सम्मान योजना न केवल महिलाओं को वित्तीय सहायता देती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और अधिकारों को भी सशक्त करती है। इससे महिलाएं अपने भविष्य के लिए योजनाएं बनाने में सक्षम हो रही हैं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही है, जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपने समुदायों में प्रेरणा का स्रोत भी बन रही हैं। योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समावेशिता और सरल प्रक्रिया है, जो सभी वर्गों की महिलाओं को समान रूप से लाभान्वित करती है। हालांकि, इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दीर्घकालिक और व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। यदि इस योजना को विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़ा जाए और इसे जीवनभर लागू रखा जाए, तो यह झारखंड में महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण बन सकती है। इस योजना के प्रभाव ने यह साबित कर दिया है कि सही नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन से समाज की सबसे कमजोर कड़ी को भी मजबूत किया जा सकता है। महिलाएं इसे केवल आर्थिक सहायता के रूप में नहीं, बल्कि अपनी पहचान और अधिकारों को पाने के साधन के रूप में देख रही हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हो रही हैं।

चुनावी समय में योजना की शुरूआत को लेकर आलोचनाएं हुईं, लेकिन इसके सकारात्मक प्रभाव ने हर आलोचना को झूठा साबित कर दिया। यदि इस योजना का विस्तार किया जाए और इसे जीवन के हर चरण के लिए उपलब्ध कराया जाए, तो इसका प्रभाव न केवल महिलाओं, बल्कि पूरे समाज पर दिखेगा। मईया सम्मान योजना महिलाओं के जीवन को नई दिशा और स्थिरता प्रदान कर रही है। यह पहल झारखंड में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। महिलाएं अब न केवल अपने परिवार के भरण-पोषण में अधिक सक्षम हो रही हैं, बल्कि अपनी स्वतंत्रता और सम्मान के साथ एक नए समाज के निर्माण में भी योगदान दे रही हैं। यह योजना वास्तव में झारखंड की महिलाओं के लिए एक नई शुरूआत और नए सपनों को साकार करने का माध्यम है।

# मानवता के लिए सार्थक बने मानवाधिकार दिवस


रमेश सर्राफ धमोरा

**(मानवाधिकार दिवस/10 दिसंबर विशेष)**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर, 2024 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 76वीं वर्षगांठ है। 2024 में मानवाधिकार दिवस की थीम असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है, क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राजनेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-




स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

भारत में 28 सितम्बर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17,19, 20, 21, 23, 24, 39, 43, 45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है।

भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है। पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मो-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीड़न पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं। इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जाति के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं। समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखे तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाई अमल में नहीं लाई जाती है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

# ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून


डॉ. विपिन कुमार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।

सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है।

वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि ह्यन्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान हैह्ल और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है।

वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है, जब कोई आरोपी अपने आरोपों के दंड से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। फिर, वर्षों तक जेल में रहने के बाद उन्हें न्यायालय से आरोप मुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति न्याय की दृष्टि से अन्याय को जन्म देती है। इस स्थिति में त्वरित सुधार की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून समय की अनिवार्यता हैं और हमें इन प्रयासों का स्वागत करना चाहिए। हालांकि, अभी बस केवल एक शुरूआत हुई है। हमें निकट भविष्य में अपने न्याय व्यवस्था की कार्य पद्धति के विविध पक्षों में सुधार पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनमें नियुक्तियां, स्थानांतरण व अवसंरचनात्मक विकास जैसे प्रमुख घटक हैं।

इसके अलावा, भारतीय न्यायिक सेवा में भाषायी मुद्दों का भी एक विशेष ध्यान रखना होगा। जैसे कि यदि कोई कन्नड़ बोलने वाला व्यक्ति ओडिशा में न्यायाधीश का पदभार संभाला है, तो इससे वहां न्यायाधीशों और जनता के माध्यम से संचार में रुकावट पैदा होती है। इसलिए प्रयास यह होना चाहिए कि ऐसी नियुक्तियों के दौरान हमारी भाषायी और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाए। साथ ही, हमें अपने न्याय व्यवस्था में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल भी बेहद कुशलतापूर्वक करना होगा। इससे न्यायालय और न्यायाधीशों के अलग-अलग प्रदर्शनों को मूल्यांकन करना बेहद आसान हो जाएगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में हम इस दिशा में तेजी के साथ कार्य करेंगे और समाज में अधिकार और न्याय को स्थापित करने की दिशा में आने वाली हर एक बाधा को दूर करते हुए पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण पेश करेंगे।

# लोकतंत्र का मुखौटा और मानवाधिकारों का हनन


डॉ. लोकेश कुमार

मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि व्यक्ति को कुछ प्राकृतिक अधिकार जन्म से मिले हुए हैं , उन्हें प्राप्त करने के लिए उसे संघर्ष करते रहना चाहिए। विश्व के कई विकसित देश लोकतंत्र का मुखौटा लगाकर जनता के अधिकारों को हनन करने से पीछे नहीं हैं। हाल ही दिनों में बांग्लादेश में कुछ संगठनों ने पूरे देश में विरोध कर लोकतांत्रिक सरकार को बेदखल कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं, ईसाई और सिखों पर लगातार बहुसंख्यक समाज हमला करके उनकी सम्पत्तियों पर कब्जा कर रहा है। विरोध करने पर उनको मौत के घाट उतारा जा रहा है। साथ ही उनकी बेटियों के साथ बलात्कार किया जा रहा है। इस मामले को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मैक्लाउड ने कहा कि अमेरिका, बांग्लादेश में एक स्वस्थ लोकतंत्र देखना चाहता है, वहां हर व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।' बांग्लादेश से अभी जो खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं, हम हालात पर नजर रख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में लोग अपने धर्म का पालन करते हुए मानवता का जीवन जी सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय जगत में बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकारों के हनन को लेकर चिंता देखी जा सकती है। बहरहाल, सबसे पहले 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। इसकी औपचारिक शुरूआत 1950 से हुई। इस दिन मानवाधिकार के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार और नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। मानवाधिकार शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1940 श्रीमती इलेनोर रूजवेल्ट ने किया। उन्होंने पाया कि पूर्व में प्रयोग होने वाले शब्द ह्य मनुष्य का अधिकार में कुछ लोग महिलाओं का अधिकार शामिल नहीं मानते। हालांकि, इस अवधारणा का अस्तित्व इसमें पहले भी रहा है।

प्राचीन काल में किसी न किसी रूप में इस अवधारणा ने अपना स्थान बना लिया। प्राचीन यूनान में अरस्तू का 'न्याय का सिद्धांत' सामने आया, जिसके अनुसार बंटवारा अनुपातिक रूप में होना चाहिए। रोम में सिसरो ने जिस प्राकृतिक कानून सिद्धांत का उल्लेख किया, उसके अनुसार कानून प्रकृति ने स्थापित किया। सिसरो ने 'जूस ने चुराल' का सिद्धांत दिया, जिसके अनुसार कानून को प्रकृति ने स्थापित किया है और कानून सब लोगों पर हर समय लागू है। प्राचीन काल में महाभारत के शांति पर्व में शासक के आचरण और राजत्व के सिद्धांत के बारे में कहा गया है। अर्थशास्त्र में प्रजा के कल्याण में राजा का कल्याण बताया गया है। सम्राट अशोक ने कलिंग अभिलेख में प्रजा को संतान की तरह माना और अधिकारियों को जनता पर अत्याचार नहीं करने की चेतावनी दी थी। राजनीतिक चिंतक जेएस मिल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर जोर दिया। 1776 में अमेरिकी क्रांति के बाद स्वाधीनता की घोषणा की गई। इसमें कहा गया कि हमारे लिए यह स्वयं सिद्ध सत्य है कि सभी मनुष्य जन्म से समान हैं। फ्रांस में 1789 में क्रांति हुई, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के नारे दिए गए। फ्रांस में संविधान बना, जिसमें मनुष्य के जन्मजात अधिकारों को मान्यता दी गई। अमेरिकन संविधान विश्व का प्रथम संविधान बना, जिसमें मानव अधिकारों को लिपिबद्ध किया गया और इनके संरक्षण की व्यवस्था की गई। मानवाधिकारों की अनिवार्यता : मानवाधिकार सभ्य समाज की आधारशिला है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत होने के साथ-साथ इन अधिकारों को अधिक सम्मान देना अनिवार्य हो गया है।

मानवाधिकारों की रक्षा और प्रवर्तन करना बहुत जरूरी है ताकि मानव की गरिमा को कायम रखा जा सके। मानवाधिकार व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं और उसके सर्वांगीण विकास के लिए यह जरूरी है कि इनकी रक्षा की जानी चाहिए। 'मानवाधिकार' मानव के जन्मसिद्ध अधिकार हैं और इन्हें मानव से अलग कर देने से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास नहीं होगा। व्यक्ति का स्थान अन्य संस्थाओं से ऊंचा है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समाज, सरकार और अन्य संगठन तभी सफल माने जा सकते हैं जब वे व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा कर सकें। मानवाधिकारों की रक्षा इसलिए भी जरूरी है कि इनकी रक्षा से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा जुड़ी है। नाजी (जर्मनी), फासी (इटली) और कम्युनिष्ट सरकारों ने व्यक्ति के अधिकार की अवहेलना की, फलतः उन्हें जनता के विरोध और अन्य राष्ट्रों से युद्ध का सामना करना पड़ा।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।दूसरों का सहयोग से लाभ होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तीनों सांसद प्रतिनिधि को केंट अध्यक्ष सूर्यबंश श्रीवास्तव ने किया सम्मानित



**रामगढ़।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग के लिए अनिल मिश्रा एवं रामगढ़ के लिए राजीव जायसवाल को अपना सांसद प्रतिनिधि बनाएं और इसका पत्र उन्होंने हजारीबाग एवं रामगढ़ के उपायुक्त को भेजा। इसी कड़ी में रामगढ़ कैंट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने तीनों सांसद प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष ने रामगढ़ कैंट मंडल की समस्या सांसद प्रतिनिधियों के पास विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के लिए आग्रह किया है। वही सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के किसी भी जगह की किसी भी प्रकार की समस्या हो उसका समाधान किया जाएगा हम आपको यह अस्वस्थ करते हैं। आयोजित कार्यक्रम होटल मिलन के सभागार में उपस्थित रामगढ़ कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश कुमार मंडल, मंत्री अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, सुरेंद्र शर्मा ,कुणाल दास, अंकित सिंह,विनीत यादव उपस्थित थे।

### कोहरे की चादर में लिपटा हजारीबाग

**हजारीबाग।** जिले में बारिश के बाद सोमवार को घने कोहरे की चादर ने पूरे शहर को आगोश में ले लिया है। कोहरा इतना घना कि तीन से चार मीटर की दृश्यता (विजिबिलिटी) भी नहीं थी। दोपहर बाद से दो पहिया और चार पहिया वाहन डिपर पर सड़कों पर रेंगते दिखे। मौसम खराब होने के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। उल्लेखनीय हो कि रविवार रात हुई वर्षा के बाद सोमवार पूरे दिन में कोहरे और सूरज की आंखमिचोली चलती रही। सुबह ठंड में ठिठुरते बच्चे स्कूल पहुंचे।

### हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास के लिए दी प्रतिबद्धता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद ने शपथ लेते हुए क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान उन्होंने शुद्ध हिन्दी में कहा, मैं ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की सेवा पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करूंगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग की जनता ने उन्हें जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए वह हृदय से आभारी हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के हित में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचनाओं में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करने का वादा किया। प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं, बल्कि उनके समग्र विकास के लिए काम करना है। उनके शपथ ग्रहण के अवसर पर उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता देखने को मिली। प्रदीप प्रसाद ने यह स्पष्ट किया कि वह हजारीबाग को एक आदर्श और समृद्ध क्षेत्र बनाने के लिए निरंतर काम करेंगे और क्षेत्रवासियों के सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता से करेंगे।

### चित्तरपुर क्षेत्र के किसानो को मसूर सरसों बीज का वितरण किया गया



**रजरप्पा ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ( आत्मा )रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली, सहायक तकनीकी प्रबंधक निरंजन कुमार वं अनामिका टेटे की उपस्थिति में किसानों को खाद्य पोषण सुरक्षा (कृषिन्नोति योजना) एवं ट्रफा योजना 2024-25 के तहत दलहन एवं तेलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्यक्षण कार्य के लिए बीज उपलब्ध कराया गया लाभुक किसानों को प्रत्यक्षण कार्य कैसे करनी है इस संबंध विस्तृत जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा दी गई। जैसे खेत की तैयारी कैसे करे, बीजोपचार कैसे करेंगे, पंक्तिबद्ध तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन ले सकेंगे। आई एन एम व आई पी एम के अनुशंसित मात्रा में प्रयोग करने के खेती में क्या फायदे है इस संबंध में प्रकाश डाला। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा बताया गया कि प्रत्यक्षण प्रक्षेत्र का निरीक्षण आत्मा के प्रसारकर्मी के द्वारा निरंतर किया जाएगा।

# झारखंड सरकार की प्राथमिकता रोजगार और विकास : सुदिव्य कुमार



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय परिसदन भवन हजारीबाग में आयोजित की गई, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से नियुक्त प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित रहे।

इस मौके पर सभी कोर कमेटी के सदस्यों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनवरी 2024 में झारखंड की राजधानी रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का भव्य राज्यस्तरीय अभिनन्दन समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से विश्वकर्मा समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह समारोह झारखंड के विश्वकर्मा समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें राज्य के विकास कार्यों और समाज की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उन पर विश्वास जताकर उन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है, और वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य का सर्वांगीण विकास करना और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं कि आने वाले दिनों में राज्य की तस्वीर को और बेहतर बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि इस समारोह में मुख्यमंत्री और मंत्री के योगदान को सराहा जाएगा, और वे इस अवसर को राज्य के विकास और समाज के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस अभिनन्दन समारोह में झारखंड राज्य के सभी जिलों से विश्वकर्मा समाज के लोग भाग लेंगे और यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। बैठक में प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी के सदस्य, जैसे डोमन राणा, हीरामन मिस्त्री, यदु राणा, संजय कुमार शर्मा, संतन शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, विनोद राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, विनोद शर्मा, लखन लाल शर्मा, देवकी राणा, सुभाष राणा, जीतन राणा, गणेश राणा, रामलखन राणा, प्रो. जगदीश शर्मा, महावीर राणा, उमेश शर्मा, कीनू राणा, बैजू शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अशोक राणा, बृजलाल राणा, उमेश राणा, संदीप शर्मा और सुनील राणा भी उपस्थित थे। उन्होंने बैठक में निर्णय लिया कि झारखंड के विकास को गति देने और समाज के कल्याण के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

## समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



संवाददाता

**हजारीबाग।** समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की सफलता और प्रगति की समीक्षा की गई। शिप्रा सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को योजनाओं के सही और त्वरित कार्यान्वयन के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को इसका फायदा मिल सके। समीक्षा के दौरान सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी दी गई, जिससे इस योजना की सफलता पर संतोष व्यक्त किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत केरेडारी, चैपारण, बरही, विष्णुगढ़ और बरकट्ठा की प्राप्ति 50% के आसपास रही, जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पदमा, ईचाक, डाड़ी, विष्णुगढ़ और बरकट्ठा में 70% से कम लक्ष्य प्राप्ति पाई गई। शिप्रा सिन्हा ने इन क्षेत्रों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप की समीक्षा भी की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सभी वास्तविक लाभार्थियों के डेटा को शत-प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करें और उनके वजन, टीएचआर, वीएचएसएनडी, सीबीई जैसी गतिविधियों का विवरण अपलोड करें।

## संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की कला उत्सव संपन्न



संवाददाता

**हजारीबाग।** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित कला उत्सव 2024 का आयोजन स्थानीय एमपी थिएटर में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास वर्मा, विभाग प्रमुख प्रोफेसर शंकर चंद्र पाठक, जिलाध्यक्ष कुमार केशव, जिला महामंत्री विनीत जैन ₹लक्की₹, जिला उपाध्यक्ष डॉ. किशोर कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके की गई। इसके बाद, शोभा सिन्हा और उनके साथियों ने ध्येय गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिससे आयोजन की विधिवत शुरूआत हुई। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष कुमार केशव और विषय प्रवेश महामंत्री विनीत जैन ₹लक्की₹ द्वारा दिया गया।

कला उत्सव में संस्कार भारती हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चित्रकला, रंगोली, गायन, नृत्य, कविता आदि की प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन प्रतियोगिताओं में चयनित सर्वोत्तम कला साधकों को रांची में आयोजित प्रांतीय कला साधक संगम (28-29 दिसम्बर) में अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में चित्रकला, रंगोली, कविता, गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चित्रकला में आशीष कुमार, रिंकी कुमारी, सुचित कुमार, सुप्रभ रानी, रश्मि झा, छाया कुमारी दास, आदित्य प्रताप सिंह, सुधा कुमारी, छोटी कुमारी, प्रीत राज, वर्षा रानी, आंशिका प्रिया और अन्य कलाकारों ने पुराणिक, सोहराय कला, मधुबनी, ऐतिहासिक पात्रों के चित्रण के माध्यम से झारखंड की सभ्यता और संस्कृति का अनूठा दर्शन कराया।

रंगोली के माध्यम से पिंकी कुमारी, छाया कुमारी दास, प्रीत राज और शालिनी कुमारी ने भगवान बिरसा मुंडा और भारतीय संस्कृति के महत्व को सुंदर तरीके से दर्शाया। सामूहिक गायन में रागश्वरी म्यूजिकल अकादमी, बंशी लाल चौक, चंदन कुमार चौबे और उनके कलाकारों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, वहीं सांस्कृतिक विकास केंद्र मौर्य कॉलोनी के शोभा सिन्हा और उनके कलाकारों ने अपनी गायन प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कला उत्सव के अंतिम चरण में सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियांदी गईं। पाराडाइस ग्रुप के नृत्य निर्देशक सुनील सोनी के कलाकारों ने कत्थक नृत्य, संबलपुर लोक नृत्य, और लोक नृत्य के माध्यम से भारतीय नृत्य कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इसके अलावा, अन्य नृत्य प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। अतिथि निर्णायकों के तौर पर गायन में श्रीकांत दुबे, नृत्य में माधुरी पुरुषोत्तम, रंगोली में मंजू जैन छाबड़ा, और चित्रकला में कृष्णा डांगी ने अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक अमित गुप्ता ने किया, जबकि धन्यबाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अनिल पांडे द्वारा दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व सचिव राकेश रंजन, पूजा राय, किरन दुबे, रंजीत वर्मा, शंकर राम, सौरभ पाटनी और अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। संस्कार भारती ने सभी कला साधकों को प्रमाण पत्र और प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम के गान के साथ हुआ।

## शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरुरी : राजाराम प्रजापति



संवाददाता

**पतरातू।** एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित संच स्तरीय खेल कुद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हेसला पंचायत भवन ईमली फील्ड मैदान बिरसा मार्केट पतरातू में सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी सह जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए। उन्होने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा खेल कुद का आयोजन बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसके माध्यम से गांव में छिपे हुए प्रतिभाशाली बच्चे जो अपने प्रतिभा को निखार नहीं पाते हैं लेकिन एकल अभियान के माध्यम से बच्चों के लिए बहुत सुन्दर अवसर है। बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल कुद बहुत ही अनिवार्य है।

इस प्रतियोगिता में जो बच्चे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करेंगे वैसे बच्चे को जिला स्तरीय खेल कुद में भाग लेंगे। संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो ने सभी प्रतिभागी बच्चों को ठीक प्रकार से खेलने के लिए आग्रह किया ताकी जिला स्तरीय खेल में अधिक से अधिक बच्चे भाग ले सके। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त सभी बच्चों को संच समिति पतरातू एवं भुरकुण्डा संच समिति के द्वारा मेडल दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामगढ़ अंचल ग्राम स्वराज समिति प्रभारी रमेश सिंह, संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो, महिला समिति सचिव अनीता जैन , सह सचिव विणा सिंह, संच समिति कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र ठाकुर, समाज सेवी धनेश्वर महतो, मृत्युंजय तिवारी, संच समिति सदस्य नन्दकिशोर महतो, उपाध्यक्ष गणेश ठाकुर, अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार, खेल प्रमुख खिरेन्द्र कुमार, अंचल व्यास गंगाधर महतो, संच व्यास राजेंद्र भोगता, संच प्रमुख नागेश्वर महतो, शान्ती देवी सहित 350 बालक / बालिका प्रतियोगिता में भाग लिए।

## ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



संवाददाता

**हजारीबाग।** ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय में स्नातक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार और प्राचार्य शंभू कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि हजारीबाग जैसे शहर में जहां एक ओर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है, वहीं दूसरी ओर व्यवसायिक पाठ्यक्रम भी विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए सुसज्जित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय में हमेशा ऊजार्वान शिक्षकों का मार्गदर्शन रहता है, जो विद्यार्थियों को अपनी कठिनाइयों को पार करने के लिए प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका और संस्थान का मुख्य उद्देश्य हमेशा विद्यार्थियों की सफलता के लिए सहयोग करना है।

## राजपाल नारायण हजारीबाग के प्रसिद्ध संगीतज्ञ और बहुप्रतिभाशाली कलाकार

प्रदीप पाठक



**हजारीबाग।** हजारीबाग के बॉडम बाजार कुम्हारटोली चौक निवासी राजपाल नारायण, जिन्हें तबला वादन और गायकी में उनकी खास पहचान है, संगीत जगत में एक अद्वितीय नाम बन चुके हैं। उनके संगीत के प्रति गहरी अभिरुचि बचपन से ही रही, जब उनके घर में संगीत का माहौल था। उनके पिता, स्व. महिपाल नारायण, जो हजारीबाग के प्रसिद्ध संगीतज्ञ थे, ने ही उन्हें संगीत की शुरूआत की। राजपाल ने अपने जीवन में विभिन्न वाद्य यंत्रों में दक्षता प्राप्त की है, जिनमें तबला वादन, बैंजो वादन, ऑर्गन वादन, बांसुरी वादन, नाल वादन और ट्रिपल वादन शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने गायकी के क्षेत्र में शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, फिल्मी संगीत और गजल गायकी में भी महारत हासिल की है। राजपाल नारायण की संगीत यात्रा 1966 से शुरू हुई, जब उन्होंने स्टेज पर गायन और वादन की शुरूआत की। 1988 में, उन्होंने अपने दोस्तों विनोद पांडेय, उदय नारायण सिंह, सुजीत कुमार, मोहम्मद अख्तर और नीलम जैन के साथ मिलकर स्वर बिहार आर्केस्ट्रा की स्थापना की। इस आर्केस्ट्रा के जरिए, उन्होंने बिहार और झारखंड के कई जिलों में बड़े मंचों पर गायन और वादन का प्रदर्शन किया और अपनी गायकी का लोहा भी मनवाया।

राजपाल के संगीत का प्रभाव केवल मंचों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने अपनी संगीत शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 1984 में कोलकाता में श्रीकांत भट्टाचार्य से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी ली। इसके अतिरिक्त, 2024 में उन्होंने नगर भवन में आयोजित अटल सांस्कृतिक मंच के कार्यक्रम में शिरकत की और अपने संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। इसके बाद, हजारीबाग नगर भवन में आयोजित विवेकानंद शिकंजो भाषण स्मृति समारोह में भजन गायकी की प्रस्तुति देने के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया। राजपाल नारायण न केवल एक कुशल संगीतज्ञ हैं, बल्कि वे नाटक के क्षेत्र में भी रुचि रखते हैं।

उन्होंने सम्राट नाट्य संस्था के राकेश सिन्हा के साथ मिलकर सूरज और सातवां घोड़ा और कालचक्र जैसे नाटकों में दमदार अभिनय का परिचय भी दिया। आजकल, वे अपने घर पर ही 'संगीत साधना मंदिर' नामक एक संस्थान चलाते हैं, जहां वे बच्चों को हारमोनियम, ऑर्गन, तबला, नाल वादन, बांसुरी वादन और गायकी की शिक्षा दे रहे हैं। इस संस्थान के बच्चों ने विभिन्न संगीत कार्यक्रमों में अपने गुरु और संस्थान का नाम रोशन किया है और कई पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं।

## सनातनियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू संगठन ने निकाला आक्रोश मार्च




संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बांग्ला देश मे सनातनियों पर हो रहे लगातार अत्याचार के खिलाफ रविवार को हिन्दु संगठन ने भुरकुंडा में आक्रोश मार्च निकाला।

आक्रोश मार्च में संगठन के लोग भगवा झंडा और हाथों में नारे लिखे तख्ती लेकर चल रहे थे। आक्रोश मार्च भुरकुंडा थाना चौक से शुरू हुआ। जो मेनरोड हनुमान मंदिर, बाजार, जनता टॉकिज, बिरसा चौक होते हुए मतकमा चौक पहुंचा। इस दौरान हिन्दु संगठन के लोग बांग्ला देश हिन्दु के सम्मान में उतरे हैं हम मैदान में, हिन्दु विरोधी कट्टरपंथी ताकतो को सबक सिखाने की तैयारी करो, असम और त्रिपुरा की तरह झारखंड से भी हिन्दु परिवार बांग्ला देश चलो के नारे लगा रहें थे। आक्रोश मार्च मे दर्जनो हिन्दु संगठन के कार्यकर्ता शामिल थें।

## संक्षिप्त खबरें

### नेशनल हाईवे पर हादसा, भरी गाड़ी पलटी

**कोलकाता।** 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटणा। इस दिन सुबह करीब दस बजे डनलप से धूलागढ़ जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग के जयपुर ब्रेज पर माल से भरी एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। चालक व हेलपर बाल-बाल बच गए। पता चला है कि हादसा गाड़ी का एक्सल बॉक्स टूटने से हुआ। इस घटना के कारण जयपुर में नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। पुलिस ने पहुंचकर गाड़ी को हटवाया तो यातायात सामान्य हो सका।

### दो ड्रग कारोबारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोलकाता।** बहरमपुर पुलिस ने 15 हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो ड्रग कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों में कृष्ण देव और समद मोल्ला हैं। कृष्णा का घर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर इलाके में है। वहीं, समद का घर बहरमपुर थाने के कुदबापुकुर इलाके में है। लेकिन फिलहाल वह डोमकल में रह रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने कल यानी रविवार रात बहरमपुर के जलांगी स्टेट हाईवे पर ऑपरेशन चलाया। उत्तर प्रदेश में एक ट्रक से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया।

### अवैध बालू खनन करते पांच वाहन जब्त

**बिहारशरीफ।** नालन्दा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। गिरियक थाना प्रभारी साकेंद्र कुमार बिंद ने गुप्त सूचना के आधार पर पंचाने नदी क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान अवैध खनन में लगी एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टरों में पीले बालू का ओवरलोड पाया गया।अभियान के दौरान ट्रैक्टर चालकों में से एक इंजन लेकर भागने में सफल रहा जबकि जेसीबी चालक को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि अवैध बालू खनन रोकने के लिए अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। पंचाने नदी क्षेत्र में संध्या के समय की गई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना देकर प्रशासन का सहयोग करें।

### घने कोहरे के कारण 4 गाड़ियां आपस में टकरायी

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के छतौनी थाना के समीप सरकारी बस स्टैंड के पास सोमवार की सुबह घने कोहरे के चलते चार वाहनों के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक वैगनआर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि एक बस के पीछे कार चल रही थी, तभी पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक ने कार को भी टक्कर मारकर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक पिकअप भी कार से भिड़ गई। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि ट्रक को लोगों ने घेर लिया। लेकिन ट्रक चालक घने कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची छतौनी थाना की पुलिस ने ट्रक और कार को कब्जे में ले लिया। घटना में घायल वैशाली निवासी वैगनआर चालक इम्तियाज ने बताया कि वह मिर्ची का कारोबार करता है। वह मोतिहारी से कल्याणपुर लौट रहा था, तभी यह घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 34 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

अररिया। जिले के बसमतिया थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह बाइक से नेपाल से तस्करी कर ला रहे 34 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर सुपौल जिला के वीरपुर थाना क्षेत्र परमानंदपुर पंचायत के शंकरपुर वार्ड संख्या 13 का रहने वाला 32 वर्षीय मो.सज्जाद पिता जहीरूद्दीन है। पुलिस ने तस्कर के पास से हीरो सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल संख्या बीआर 50 ई 8559 है।गिरफ्तार तस्कर शराब की बोतलों को अपने शरीर और कपड़े में छिपाकर बाइक से नेपाल से ला रहा था।गिरफ्तार तस्कर सज्जाद के खिलाफ वीरपुर थाना में एनडीपीएस एवं मद्य निषेध को लेकर कुल चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।जानकारी थानाध्यक्ष अमर कुमार ने दी।

### बिहार में 11 दिसम्बर तक घना कोहरा छाया रहेगा, 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

**पटना।** बिहार में सर्द पछुआ हवा के साथ सुबह के समय अगले दो दिन यानी 11 दिसम्बर तक घने स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके साथ आज बिहार के 12 जिलों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सक्रिय मौसमी सिस्टम के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे ठंडी में बढ़ोतरी देखी जा रही है। एक चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण असम के आसपास समुंद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर बना हुआ है। उत्तर पश्चिमी भारत में समुद्र तल से 12.1 किलोमीटर ऊपर जेट स्ट्रीम की तेज हवाएं चल रही है। इन मौसमी गतिविधियों की वजह से बिहार में उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व शहरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे जबकि 11 दिसम्बर तक 24 जिलों में घने स्तर का कोहरे छाए रहने की संभावना है।

### बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के माहौल में ममता का सद्भावना संदेश

# हम लोग सबकी रक्षा करेंगे

संवाददाता



**कोलकाता।** बांग्लादेश में अत्यधिक हिंदू अत्याचार। खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने हालात को और भी खराब करते हुए बंगाल, बिहार, ओडिशा पर कब्जे की मांग की है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में खड़े होकर सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने साफ कहा, बंगाली सभी की है। यहां धार्मिक कट्टरता के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही मुख्यमंत्री ने साफ किया कि उस पार बांग्ला में कट्टरपंथी आक्रामकता के खिलाफ उनका रुख बेहद सख्त है।
बांग्लादेश के मुद्दे पर गृह मंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा से संदेश दिया। प्रदेश के विधायकों को कोई भी विवादित टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने आम लोगों से विवादित टिप्पणी करने से परहेज करने को भी कहा। शुवेंदु अधिकारी समेत बीजेपी विधायक बांग्लादेश मुद्दे पर सक्रिय हैं। वे कई तरह के बेलगाम कमेंट भी कर रहे हैं। विधानसभा से मुख्यमंत्री का यह संदेश बहुत संकेत देने वाला है। जानकार तो यही सोचते हैं।
सोमवार को ममता बनर्जी ने कहा, "मैं बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न को अच्छी नजर से नहीं देखती हूं।" कोई हिंदू, मुस्लिम, ईसाई दंगा नहीं करता। कुछ असामाजिक हैं, वे समाज के लिए बोझ हैं। हमें ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए, इससे समाज पर असर पड़ता है, किसी को नुकसान पहुंचता है।' यह केंद्र का मामला है। हम उनकी बात सुनेंगे।" मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, "कल कुछ लोगों ने इसे लेकर विरोध किया। बधाई हो ये बंगाल उस तरफ का बड़ा स्तंभ है। कई लोगों ने मार्च करने को कहा। हम दंगा नहीं शांति चाहते हैं। जो खून एक हिंदू के शरीर पर होता है, वही खून एक मुसलमान के शरीर पर भी होता है।
मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल के विधायकों को भी संदेश दिया। उन्होंने कहा, "चलो ज्यादा बात नहीं करते।" जो लोग इसका राजनीतिकरण करने की बात कहते हैं, वे जानते हैं कि इससे आपके राज्य को नुकसान होगा। बता दें कि शुवेंदु अधिकारी समेत राज्य बीजेपी के नेता बांग्लादेश मुद्दे पर काफी आक्रामक हैं। बांग्लादेश की सीमा बंद करने की मांग उठने लगी है। उन्होंने युद्धक विमान भेजने की चेतावनी दी। वहां से मुख्यमंत्री का संदेश महत्वपूर्ण है। जानकार सूत्रों के अनुसार।
मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, "विदेश सचिव की बैठक है। उन्हें निर्णय लेने दीजिए। हम विदेश मंत्रालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। हम ऐसा माहौल बनाते हैं, जिसमें बंगाल भारत की राष्ट्रीयता और करुणा की भावना को सर्वोत्तम रूप में प्रदर्शित करेगा। राज्य केंद्र के संदेश के अनुसार चलेगा। मुख्यमंत्री के शब्दों में, केंद्र सरकार की कुछ नीतियां हैं।

## साइबर डीएसपी से ठगी के प्रयास में 9 अपराधी गिरफ्तार, कई समान बरामद

संवाददाता

**नवादा।** नवादा में सोमवार को साइबर अपराधियों ने बड़ा कांड कर दिया है। साइबर अपराधियों ने साइबर थाने के डीएसपी को ही लाखों कमाई का झांसा दे दिया।
दरअसल, नवादा के साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति को ही साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों ने ठगी करने की कोशिश की है। जिसके बाद डीएसपी ने इस मामला में युवक को गिरफ्तार किया है। जहां छापेमारी के दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी प्रिया ज्योति के द्वारा बताया गया कि लोन दिलाने के नाम पर उन्हें फोन आया और फिर 20 मिनट में 5 लाख रुपया का लोन देने की बात कही गई। इसके बाद एक टीम गठन किया गया और फिर साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार की गई है।छापेमारी के क्रम में कुल 9 लोगों को पकड़ा गया है। इस पूरी घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई।इस मामला में अनुसंधान तेज करते हुए आरोपित को पहले गिरफ्तार किया गया। यह पूरा मामला वारिसलीगंज प्रखंड के चकवाय गांव का है। जहां सभी गिरफ्तार आरोपित की पहचान नरेश दास का पुत्र प्रमोद कुमार, भोला चौधरी का पुत्र ज्योतिस कुमार, अनिल कुमार का पुत्र अमित कुमार, विजय सिंह की पत्नी रेणु देवी चकवाय गांव का रहने वाला है।वहीं बच्चन प्रसाद का पुत्र सुधांषु कुमार, मनोज ताती का पुत्र पारस कुमार, जो मीर बीघा का रहने वाला है।

**कई सामान बरामद**

वहीं भवानी बीघा का अशोक राम का पुत्र धीरज कुमार और खैरा गांव के चितरंजन सिंह का पुत्र पुप्पांजय कुमार, यह सभी वारिसलीगंज प्रखंड का है और कौवाकोल प्रखंड का भवानी बीघा गांव के श्रवग महतो का पुत्र सौरभ कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत निकली रैली



संवाददाता

**अररिया।** अररिया में सोमवार को लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। जिला बाल संरक्षण इकाई व महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग की ओर से यह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी मंजूला कुमारी व्यास,जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी शंभू रजक,जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी सुबोध कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी,डीपीएम महिला विकास निगम नोभा कुमारी,जिला मिशन समन्वयक शोएब रूमी,अनुज रंजन केंद्रीय विशेषज्ञ,सीडीपीओ राजा अहमद खान,आईसीडीएस पर्यवेक्षिका अभिलाषा कुमारी,परमजीत सारथी,निभा कुमारी,सदारत खान आदि ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली में आईसीडीएस और वन स्टॉप सेंटर के लोग शामिल हुए। रैली समाहरणालय से निकलकर चांदनी चौक से होते हुए काली बाजार मुख्य बाजार होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में आकर समाप्त हुई।रैली में शामिल लोग लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता को लेकर हाथों में तख्तियां लिए हुए थे और बेटा बेटी समानता को लेकर नारे लगा रहे थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहार अभियंत्रण विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को डिग्री, मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया।
मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित दीक्षांत समारोह में विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।
कार्यक्रम के अंत में सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है। मुख्यमंत्री की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है।
विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप अभियंत्रण महाविद्यालय को पूर्ण रूप से आवासीय बनाया जा रहा है जहां छात्रावास एवं शिक्षकों के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकगण-कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

# बम बनाते समय हादसा, 3 की मौत

### बम विस्फोट में घर की छत उड़ गयी

संवाददाता

**कोलकाता।** बम बनाते समय हुआ हादसा। खैरतला, सागरपड़ा, मुर्शिदाबाद में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका है। इस घटना से आसपास के इलाके में काफी तनाव है। बम स्क्वाड को सूचना दे दी गई है।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम मुस्तकिन शेख (28) है, जो महताब कॉलोनी का रहने वाला है। मामन मोल्ला (30) और साकिरुल इस्लाम (32) खयेरतला में रहने वाला हैं। मामन मोल्ला के घर में बम बना जाता था। बम विस्फोट में घर की छत उड़ गयी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बम क्यों बना जा रहा था। रविवार की देर रात हुई घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। बहुत से लोग भयभीत हैं। घटनास्थल से दो सौ मीटर दूर एक युवक ने कहा, "मैं कंबल में लेटा हुआ था और मोबाइल फोन देख रहा था। अचानक टिन का चादर तेज आवाज के साथ खड़खड़ाने लगा। मैं बाहर गया और समझने की कोशिश की कि आवाज कहाँ से आई। मेरे जैसे आस-पड़ोस के और भी लोग बाहर आ गये। और उसके कुछ ही देर बाद मुझे पता चला कि खयेरतला में मामन का घर उड़ गया है। बाद में मुझे पता चला कि बम विस्फोट में दो या तीन लोग मारे गये।"
पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सभी मृतक फेंसिडिल तस्करी में शामिल हैं। कुछ दिन पहले फेंसिडिल की तस्करी को लेकर दूसरे गुट से विवाद हो गया था। उन्हें भी पीटा गया। माना जा रहा है कि मार का बदला लेने के लिए मामन मोल्ला के घर में बम बनजा रहा था। उसी समय लापरवाही के कारण वह फट गया और हादसा हो गया।
बम से किसी का हाथ उड़ गया है तो किसी का चेहरा और सीना जख्मी हो गया है। आंख से दिखाई नहीं जाती है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने मामन मोल्ला और साकिरुल इस्लाम को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। शव को मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। वहीं मोस्ताकिन शेख मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर उसे बचाया और डोमकल सब-डिविजनल अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गई। पता चला है कि तीनों मृतकों के खिलाफ पुलिस रजिस्टर में कई मामले दर्ज हैं। वे इलाके में कुख्यात फेंसिडिल तस्करों के रूप में जाने जाते हैं। घटनास्थल पर और भी बम होने की आशंका से पुलिस ने घर को घेर रखा है।

# इन-फॉर्म संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिला क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी

संवाददाता

**कोलकाता।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25ङ कोलकाता के इस दूरी पर विश्व की पहली विश्व एथलेटिक गोल्ड लेबल रेस बनने के साथ, रविवार को रेड रोड की सुरम्य सेटिंग के साथ भारतीय एलीट क्षेत्र में 27 पुरुष और 13 महिलाएं सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। आमार कोलकाता शोनार कोलकाता भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को 142,214 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि की दौड़ में केंद्र स्तर पर ले जाते हुए देखेगा। भारतीय एलीट पुरुष और महिला विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि के साथ, प्रत्येक दौड़ में पहले तीन क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000/- रुपये जीतेंगे। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को भी प्रत्येक 1,00,000/- रुपये के इवेंट रिकॉर्ड बोनस द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा।
अविनाश साबले के पास 1:15:17 के समय के साथ भारतीय एलीट पुरुष वर्ग में वर्तमान इवेंट रिकॉर्ड है, और एल. सूर्या के पास 1:26:53 के समय के साथ भारतीय एलीट महिला रिकॉर्ड है।
अच्छी तरह से सुसज्जित पुरुष क्षेत्र का नेतृत्व वर्तमान सनसनी गुलवीर सिंह करेंगे, जो बैंगनी पैच के बीच में हैं। वह वर्तमान में 5000 मीटर (13:11:82) और 10,000 मीटर (27:14:88) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और उन्होंने हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वीं एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक भी जीता। वह 10,000 मीटर में एशियाई खेल 2022 के कांस्य पदक विजेता भी हैं।मौजूदा चैंपियन सावन बरवाल (1:17:49), टीएसके 25ङ के 2022 संस्करण के विजेता अभिषेक पाल के साथ वीडीएचएम 2024 जीतने के बाद कोलकाता लौट आए। उन्होंने हाल ही में संपन्न एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप और वीडीएचएम 2023 में रजत पदक भी जीता। पुरुषों की चुनौती में किरण मात्रे टीसीएस वर्ल्ड 10ङ बेंगलुरु 2024 में पोडियम फिनिश के साथ एक छिपे हुए घोड़े की तरह दिखेंगे। एक नया भारतीय पाठ्यक्रम रिकॉर्ड। वह वीडीएचएम 2024 में तीसरे स्थान पर रहे।
गुलवीर सिंह ने अपने हालिया कारनामों को याद करते हुए कहा, 2024 का सत्र मेरे लिए बहुत अच्छा था।

### कोलकाता में प्रयागराज महाकुंभ-2025 के रोड शो में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के डॉ. अरुण कुमार

# दिव्य, भव्य एवं डिजिटल महाकुंभ के लिए सरकार प्रतिबद्धः डॉ. अरुण

संवाददाता



**कोलकाता।** योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कोलकाता में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल महामहिम डॉ. सी.वी. आनंद बोस, माननीय मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। रोडशो के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी है। पत्रकार वार्ता के दौरान वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का 'दिव्य एवं भव्य' अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है।
वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर महाकुंभ 12 वर्ष के अंतराल पर एक बार फिर प्रयाग की पुण्य धरा पर आयोजित हो रहा है। वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने महाकुंभ की तैयारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि यह स्वच्छ, स्वस्थ्य, सुरक्षित एवं डिजिटल महाकुंभ है। मेला को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संकल्प लिया गया है।

# वनीला प्लांट लगाकर किसान कर सकेंगे बेहतर कमाई

### फंडामेंटल एग्रो एस सेंटर ने किसानों के बीच वितरित किया वनीला प्लांट

**पूर्वी चंपारण।** जिले में संग्रामपुर प्रखंड के भवानीपुर में फंडामेंटल एग्रो एस सेंटर के तत्वाधान में किसानों के बीच औषधीय व सुंगधिय वनीला प्लांट का वितरण किया गया। मौके पर एग्रो एस के जिला कॉडिनेटर विनय शंकर ठाकुर ने बताया कि वनीला प्लांट जिले के बारह प्रखंड के बारह किसानों के बीच दिया गया। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा औषधीय और सुगंधित पौधा हैं, जिसको छायादार स्थल पर लगा कर कोई भी अच्छी कमाई कर सकता हैं। यह पौधा लगाने के तीन साल बाद जो फल देगा, उसका मार्केट दर प्रति किलो चालीस हजार रुपये किलो होगा। पौधे से टूट कर गिरने वाले पत्ते और उसके तनों को भी किसान जमा करके रखेगे तो उन्हें उसकी भी प्रति किलो छ हजार की दर से खरीदारी होगी। प्रति पौधा से प्रत्येक वर्ष कम से पांच किलो स्क्रैप निकलेगा।
विनय ने किसानों को बताया कि यह पौधा तीन साल में तैयार होगा और एक प्लांट कम से कम साल में तीन से चार किलो फल देगा। इसकी बिक्री कैसे होगी, यह सोचना किसानों का काम नही हैं।

### मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' दिसंबर : 2024 अंक का विमोचन

# 'अरण्य वाणी' विशुद्ध साहित्यिक पत्रिका : अविनाश देव

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के ख्यातिप्राप्त संत मरियम विद्यालय में पलामू से निकलने वाणी मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' के दिसंबर : 2024 अंक का विमोचन किया गया।

विमोचन करने वालों बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव, अधिवक्ता ओंकारनाथ तिवारी, 'अरण्य वाणी' पत्रिका के संपादक विनोद सागर, दैनिक अखबार 'बदलता झारखंड' के स्थानीय संपादक मनोज कुमार प्रजापति, पत्रकार विकास कुमार एवं प्रखर समाजसेवी ललन प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' विशुद्ध साहित्यिक पत्रिका है, जो गरीबों, शोषितों व दलितों की मुखर आवाज भी है। आगे उन्होंने कहा कि यह पत्रिका विगत 2020 से अपनी सकारात्मक गतिविधियों द्वारा समाज में अलख जगाने का कार्य कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि मुझसे जितना बन पड़ेगा, मैं पत्रिका के नियमित प्रकाशन में अपना सहयोग देता रहूँगा। इस मौके पर अविनाश देव ने पत्रिका के संपादक विनोद सागर को बुके देकर सम्मानित भी किया।



**पत्रिका विगत 2020 से अपनी सकारात्मक गतिविधियों द्वारा समाज में अलख जगाने का कार्य कर रही है**

# दलित समझकर निर्दोष रामाशीष राम को बुरी तरह पिटाई करना निंदनीय : शत्रुघ्न कुमार

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर में एक प्रेस बयान जारी कर पाण्डू थाना प्रभारी सौरभ कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा कजरुकला ग्राम में एक निर्दोष अनुसूचित जाति के रामाशीष राम की बर्बरतापूर्ण पिटाई की कड़े शब्दों में निंदा करने हुए पाण्डू थाने के भ्रष्ट, बहशी,दरिंदा,जल्लाद व जातिवादी थाना प्रभारी श्री सौरभ कुमार व अन्य जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ एससी,एसटी एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने व सेवा से बर्खास्त करने की मांग किया है।जारी बयान में उन्होंने कहा है कि थाने से लेकर न्यायालयों तक में बैठे घोर सामंती,मनुवादी व पूंजिवादी सोच के अराजक,निकृष्ट व अमानवीय सोच के सरकारी आतंकवादी तानाशाह की भूमिका में आ गए हैं। जिस कड़ाके की ठंड में किसी पक्षी का घोंसला उजड़ने पर कलेजा मुंह को आ जाता है, उस ठंड में ललन राम व उनके भाईयों के घर पर बिना समय दिए हुए कथित कोर्ट के आदेशानुसार बुलडोजर चलवाकर घर जमींदोज करना मानवाधिकारों का भीषण उल्लंघन है।जारी बयान में उन्होंने कहा है कि जिस दलित घर में 9 दिसंबर को बिटिया की बारात आनेवाली हो,जिस घर में उसका बाप-मां,चाचा-चाची,व भाई-बहन में से कोई भी दुर्दांत क्षेत्रीय ,राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी या उग्रवादी नहीं हो,उसके घर पर आनन-फानन में बुलडोजर चलवाना एक आतंकी कार्रवाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनातू में की गई है पोस्ता की खेती



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड अंतर्गत डुमरी और रंगिया पंचायत में पोस्ता की खेती की गई है। सुबह-शाम मोटर पंप लगा कर पोस्ता की फसल की सिंचाई की जा रही है। पोस्ता की खेती सुदूर जंगल व नदियों के किनारे की गयी है। तस्कर वैसे क्षेत्र में पोस्ता की खेती करा रहे हैं, जहां आसानी से पुलिस व वन विभाग की टीम नहीं पहुंच सके। पोस्ता की खेती के लिए मनातू के सुदूर जंगली क्षेत्र सेफ जोन बना हुआ है। बता दें कि सितंबर-अक्तूबर माह में पोस्ता की खेती की तैयार हो जाती है। खेत तैयार करने के बाद पोस्ता का बीज डाला जाता है। मनातू के जंगली क्षेत्रों में पोस्ता की खेती की गयी है। यहां लंबे समय से पोस्ता की खेती हो रही है। जिला व पुलिस प्रशासन, वन विभाग पोस्ता का सीजन आने के पूर्व लगातार क्षेत्र में पोस्ता की खेती की रोकथाम व पोस्ता से होनेवाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जाता है, इसके बावजूद पोस्ता की खेती की गयी है।

### पलामू जिला मिक्सड मार्शल आर्ट्स द्वारा सम्मान समारोह आयोजित



**मेदिनीनगर।** मार्शल- आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84 वां जन्मदिन के अवसर पर द मिक्सड मार्शल- आर्ट्स काउंसिल (युके)के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल- आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रागंण में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया। अवार्ड पाने वाले लोग इस प्रकार हैं:-रंजन प्रसाद (स्केटिंग), अशुतोष कुमार (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन), सकेन्दर प्रजापति (कराटे), नटवर पाण्डेय (एमङ्गएमङ्ग एङ्ग),प्रितम चैधरी (ताईकान्डो), अनुपम तिवारी (बाँसिंग) ,श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत) ,सनतन सोनी (नृत्य) इत्यादि। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है , बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए। क्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उचांई तक पहुंचा सकते है, इसलिए बच्चों को प्रशिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए। यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सौकड़ो कराटेकार उपस्थित थे।

### सुनरी पहाड़ी के कुएं से युवक का शव बरामद, भूमि विवाद में हत्या की संभावना

**गढ़वा।** रमुना थाना क्षेत्र के परसवान स्थित सुनरी पहाड़ी के पास एक कुएं से शनिवार रात पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय एजाजत अली के रूप में हुई है, जो बहीयार खुर्द का निवासी था। एजाजत अली शुक्रवार रात मिलाद कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौटते समय गायब हो गया था। परिजनों ने खोजबीन की और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसका शव शनिवार रात कुएं से मिला।मृतक की पत्नी सलमा बीबी ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते उनके पति की हत्या की गई है। उन्होंने कई रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुट गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में रविवार को शहर के छह मुहान चौक, रेड़मा चौक और शदिक चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी ने बिना हेलमेट और कागजात के 17 दो पहिया वाहन को पकड़ कर उसे फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय भेज दिया। उनके द्वारा पकड़े गए वाहनों का कोर्ट में 68000 रुपया का फाइन वसूला गया। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने चार पहिया वाहन चालकों को भी रोककर उन्हें सीट बेल्ट लगाकर और वाहन से संबंधित कागज अपने साथ लेकर वाहन चलाने की सलाह दी। वाहन चेकिंग के बाद समाल अहमद छह मुहान चौक पहुंचे। वहा पर उन्होंने सभी ई रिक्शा चालकों को इकट्ठा कर उन्हें बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा तय किए गए निर्धारित रूट पर ही अपने ई रिक्शा वाहन का परिचालन करने का सलाह दिया।

### गढ़वा सदर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, सदर अस्पताल में व्यवस्था चरमरा

# 21 घंटे तक सदर अस्पताल में पड़ा रहा अज्ञात व्यक्ति का शव

संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अस्पताल में व्यवस्था चरमरा गई है। आलम है एक-दूसरे पर फेंक कर चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने में लगे रहते हैं। रविवार को भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन के गैरजिम्मेवाराना रवैये के कारण शनिवार की रात में इलाज के दौरान मृत एक अज्ञात व्यक्ति के शव सदर अस्पताल में रविवार की शाम तक पड़ा रहा। यह स्थिति चिकित्सक द्वारा मृतक के शव के पोस्टमार्टम समेत अग्रेतर कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना नहीं दिए जाने के कारण उत्पन्न हुई। इसका खामियाजा यह हुआ कि सदर अस्पताल में जिस ओर से मरीजों एवं उनके स्वजनों का आना-जाना लगा रहता है, वहीं पर शव भी करीब 21 घंटे तक पड़ा रहा। बताते चलें कि शनिवार की देर शाम को गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर मोड़ के समीप एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा था।

इसकी सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। लेकिन सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। लेकिन सदर अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित तो कर दिया। लेकिन गढ़वा थाना पुलिस को मृतक के बारे में सूचना नहीं भेजवाया। इस कारण शनिवार की रात करीब आठ बजे से लेकर रविवार की शाम पांच बजे तक सदर अस्पताल में ही शव पड़ा रहा। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने रविवार के शाम पांच बजे थक-हार कर शव को अस्पताल के कर्मी एवं समाजसेवी अभिषेक सिंह के माध्यम से पोस्टमार्टम हाउस में ले जाकर रखवाया है। हालांकि जानकार सूत्रों की मानें तो अस्पताल प्रबंधन ने पीजी बांड पर प्रशिक्षण के लिए सदर अस्पताल में आए प्रशिक्षु चिकित्सकों से रात में इमरजेंसी ड्यूटी करा रहा है। जबकि नियमानुसार पीजी बांड पर कार्य करने वाले चिकित्सक किसी घायल का इंज्यूरी समेत किसी सरकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत नहीं है। ऐसी स्थिति में कई मामले लंबित रह जाते हैं।

लेकिन सदर अस्पताल प्रबंधन इसका समुचित समाधान करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। इस संबंध में अस्पताल उपाधीक्षक डा. हरेनचंद महतो ने कहा कि पुलिस ने शव को रखने के लिए आवेदन दिया था। इस कारण उसे सदर अस्पताल में रखा गया था। अब उसे पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घोर लापरवाही



- **मरीज का सामान चोरी हो जाने पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से नहीं मिलता है कोई सुराग**

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था इन दिनों लचर हो चुकी है। बताते चले की सोमवार को शहर थाना क्षेत्र के रेडमा श्रीराम पथ निवासी अभय कुमार मिश्रा अपने पत्नी रीता देवी का इलाज करवाने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल आए हुए थे। इसी बीच अस्पताल के सरकारी दवा काउंटर पर अज्ञात चोरों ने उनके पैकेट से मोबाइल चोरी कर फरार हो गए। इसके बाद भुक्तभोगी अभय मिश्रा के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान इसरार खान अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पहुंचे तो पता चला कि सीसीटीवी कैमरा का एलसीडी सही ढंग से काम नहीं कर रहा है।

बताते चले कि इसके पहले भी इस तरह की लापरवाही अस्पताल में देखने को मिली है जब किसी व्यक्ति का कोई सामान चोरी हो जाता है तो सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कभी भी पुलिस को चोरी की घटना से संबंधित सुराग नहीं मिलती है।

# दानरो नदी पर होगा 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह

संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने आगामी 1 मार्च 2025 को दानरो नदी के तट पर 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन करने की घोषणा की है। यह विवाह हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा। हिंदू कन्याओं का विवाह पारंपरिक संस्कारों से और मुस्लिम कन्याओं का विवाह इस्लामी विधि-विधान के तहत कराया जाएगा।विकास कुमार माली ने बताया कि उनकी संस्था अब तक 14,000 से अधिक असहाय, गरीब और अनाथ कन्याओं का विवाह करवा चुकी है। यह कार्य झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों में किया गया है। उनका उद्देश्य उन परिवारों की मदद करना है जो दहेज प्रथा और गरीबी के कारण बेटियों की शादी करने में असमर्थ हैं।संस्था केवल विवाह करवाने तक सीमित नहीं है। यह दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और गरीब बहनों को शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का कार्य भी करती हैं।पिछले वर्ष, संस्था ने 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया था, जो पूरी तरह सफल रहा।विकास माली ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे ऐसी कन्याओं को संस्था से पंजीकृत कराएं जो संसाधनों के अभाव में विवाह नहीं कर पा रही हैं। दानरो नदी पर होने वाला यह आयोजन सामाजिक एकजुटता का उदाहरण बनेगा। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी होने की संभावना है।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग नगद समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी पलामू जिले के पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गया। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लख रुपए का संपत्ति जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गए और सड़क पर आ गए हैं।

घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घर से सटा पुआल भी आग की चपेट में आ गया, जिससे आग ने तेजी से पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गई। इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। जमीन का सारा दस्तावेज भी आग से जल गया है। पीड़ित कन्हाई भुइयां के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बच्ची बिहार के डीहरी धान कटनी के लिए गई हुई थी।

बाकी तीन नाबालिग बच्चे घर पर ही मौजूद थे। पीड़ित परिवार कन्हाई भुइयां के पत्नी का दिमागी हालत ठीक नहीं होने से वह घर में नहीं रहती है। घटना की रात कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ सोए हुए थे। इस बीच करीब रात 11:00 बजे बिजली का शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लगी। घर में आग लगने के बाद भुक्तभोगी परिवार कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ बाहर निकल कर शोर मचाया। लोगों को पहुंचने तक घर के पास रखे पुआल आग के चपेट में ले लिया। जिससे आग बिकराल रूप ले लिया। जिसे घर पूरी तरह से जल गया। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग आग पर काबू नहीं पा सके। बताया जाता है कन्हाई भुइयां की बेटी की शादी करनी है, इसके लिए वह पैसा जुगाड़ कर घर में रखा था। अगलगी के घटना के बाद उनका जीवनयापन पर गंभीर संकट छा गया है।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर 14 को

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 दिसंबर को जिले के सभी प्रखंड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा । वही व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष का अंतिम राषटीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको सफल बनाने को ले तैयारी चल रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाने का प्रयास है। उक्त आशय कि जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सुलभ, सरल तरीके से न्याय कैसे मिले इसके लिए इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आवास योजना ,पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# आज से शुरू होगा जनता डेंटल क्लीनिक में नि:शुल्क दंत जांच एवं उपचार कैम्प

- **नि:शुल्क डेंटल कैंप का उद्देश्य लोगों को सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना**
- **समाज के गरीब वर्ग को लाभ मिलेगा और वे अपने दांतों की बीमारियों से मुक्ति पा सकेंगे**

संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित वारसी कंपलेक्स में अवस्थित जनता डेंटल क्लीनिक में 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक नि:शुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य उन लोगों को दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपने दांतों का इलाज नहीं करवा पाते। जनता डेंटल क्लीनिक के डॉ. एम. एन. खान ने बताया कि कई लोग दांतों की समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं, जिसके कारण उन्हें दांतों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

ये समस्याएं केवल शारीरिक कष्ट ही नहीं, बल्कि मानसिक तनाव भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने कहा कई लोग इलाज की खचीर्ली प्रक्रिया के कारण डॉक्टर के पास नहीं जा पाते, और इसी कारण उन्हें दांतों से जुड़ी समस्याएं बढ़ती जाती हैं। डॉ. खान ने यह भी कहा कि इस नि:शुल्क डेंटल कैंप का उद्देश्य ऐसे लोगों को सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, ताकि वे दांतों की बीमारियों से निजात पा सकें। इस दौरान दांतों की सफाई, जांच, उपचार और आवश्यक परामर्श भी मुफ्त में दिया जाएगा।10 दिसंबर से शुरू होने वाले इस कैंप में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। डॉ. खान ने आशा जताई कि इस पहल से समाज के गरीब वर्ग को लाभ मिलेगा और वे अपने दांतों की बीमारियों से मुक्ति पा सकेंगे।

# हृदय गति रुकने से एक की मौत



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के शोले गांव निवासी ज्ञाननंदन पांडे उम्र 45 वर्ष की हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ज्ञाननंदन पांडे सदर प्रखंड के रजवाडीह अपने ससुराल से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर सोले जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बड़का गांव के पास अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और वह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों का अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

### दो पक्षों के जमीनी विवाद में दो घायल



**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के तलशबरीयां गांव में रविवार को आपसी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर से मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के ताजुद्दीन खां के 23 वर्षीय पुत्र अबु जैद खां और द्वितीय पक्ष के मेहंदी खां के 40 वर्षीय पुत्र अफजल खां शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पिछले कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था, जिसमें ताजुद्दीन खां के हाथ में पहले भी चोट आई थी। रविवार को पुराने विवादित जमीन पर दीवाल जोड़ने को लेकर फिर से विवाद उत्पन्न हो गया। ताजुद्दीन खां ने पुलिस को बताया कि मेहंदी खां द्वारा दीवाल जोड़ने का काम किया जा रहा था, जिसे मना करने पर मारपीट की गई और किराना दुकान में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा, अल्बेस्टर को भी नुकसान पहुंचाया गया और कुछ दुकान का सामान तथा नकदी चोरी करने का आरोप भी लगाया गया।इस घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन दूसरे पक्ष ने फिर भी दीवाल जोड़ने का काम जारी रखा। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से आधिकारिक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी पक्ष को नियमों के खिलाफ काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, मंगलवार 10 दिसंबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बीबीएल: मेलबर्न स्टार्स ने एडम मिल्ने के साथ किया करार



**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को क्रिसमस से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने के लिए अनुबंधित किया है। वे पाकिस्तान के लेग स्पिनर उसामा मीर की जगह लेंगे, जो इस सीजन के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले सीजन के अंत में ग्लेन मैक्सवेल के कप्तान बनने के बाद स्टार्स इस सप्ताह नए कप्तान की घोषणा करने वाले हैं। मैक्सवेल के 15 दिसंबर को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए फिट होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि वे क्रिसमस से पहले होने वाले पहले तीन मैचों में से किसी में भी खेल पाएंगे या नहीं। मीर स्कॉर्चर्स, ब्रिसबेन हीट और एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ पहले तीन मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं, जो पांच दिनों के अंतराल में तीन शहरों में खेले जाएंगे। स्टार्स ने उन तीन मैचों के लिए मिल्ने को टीम में शामिल किया है। वह इससे पहले 2020-21 में सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 7.56 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट लिए थे।

### आसियान चैम्पियनशिप 2024: कंबोडिया और मलेशिया के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रा



**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने रविवार रात नोम पेन्ह के ओलंपिक स्टेडियम में 2024 आसियान चैम्पियनशिप ग्रुप ए के उद्घाटन फुटबॉल मैच में मलेशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। मलेशिया ने 35वें मिनट में मिडफील्डर स्टुअर्ट विल्किन के गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन कंबोडिया ने दूसरे हाफ में अब्देल कादर कूलिबली के गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद टाई सा ने कंबोडिया को एक घंटे के अंदर दूसरा गोल कर बढ़त दिला दी। हालांकि, 74वें मिनट में फर्गस टियरनी ने बराबरी का गोल करके मलेशिया को हार से बचाया। फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 180वें स्थान पर है, जबकि मलेशिया 132वें स्थान पर है। 2024 आसियान चैंपियनशिप 5 जनवरी, 2025 तक चलेगी। कंबोडिया को मलेशिया, सिंगापुर, ईस्ट तिमोर और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा



**वेलिंगटन।** बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की। सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूनार्मेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला हाई परफॉरमेंस हेड लिज ग्रीन ने कहा, रबेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फर्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था।

# हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यश मुंबई ईगल्स को हराकर तीसरी बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब

● हैदराबाद ने मिक्स्ड डबल्स गेम में अपना दबदबा बनाया

**मुंबई। एजेंसी**



छह दिनों तक चले मनोरंजक और बिना रुके टेनिस एक्शन के बाद, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने रविवार शाम यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। चार श्रेणियों में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद, हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु प्रधान ने हैदराबाद के लिए खिताबी जीत सुनिश्चित की। फाइनल में यश मुंबई ईगल्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मैच की शुरूआत दमदार तरीके से की, क्योंकि हैरियट डार्ट ने यश मुंबई ईगल्स की जेनेप सोनमेज के खिलाफ महिला एकल गेम में 14-11 के स्कोर से जीत हासिल की। पुरुष एकल में करण सिंह ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक को 14-11 से हराकर यश मुंबई ईगल्स को बराबरी दिला दी। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स गेम में अपना दबदबा बनाया, हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन की जोड़ी ने यश मुंबई ईगल्स के जेनेप सोनमेज और जीवन नेदुनचेझियान को 16-9 से हराकर अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में पहुंचा दिया। पुरुषों के युगल वर्ग में, करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान व हैदराबाद स्ट्राइकर्स के विष्णु वर्धन और बेंजामिन लॉक के बीच मैच 10-10 बराबरी पर समाप्त हुआ और हैदराबाद ने 51-44 से खिताब अपने नाम कर लिया।

**सेमीफाइनल मुकाबले :** दिन की शुरूआत पहले सेमीफाइनल से हुई, जहां लीग लीडर यश मुंबई ईगल्स का सामना सुमित नागल की गुजरात पैंथर्स से हुआ। यश मुंबई ईगल्स की जेनेप सोनमेज ने अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दी और महिला एकल मैच में गुजरात पैंथर्स की एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 से हराया। सुमित नागल ने पुरुष एकल में अपनी टीम के लिए वापसी की और यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह को 14-11 के स्कोर से हराया। मिश्रित युगल वर्ग के दौरान मैच का रुख बदल गया, जब यश मुंबई ईगल्स के जेनेप सोनमेज और जीवन नेदुनचेझियान ने एकातेरिना काजियोनोवा और विजय सुंदर प्रशांत पर 16-9 से शानदार जीत हासिल की। पुरुष युगल वर्ग में, यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान ने गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 10-9 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया।

अंततः यश मुम्बई ईगल्स ने पहले सेमीफाइनल में 51-43 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। हैदराबाद स्ट्राइकर्स के हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन ने मिश्रित युगल में राजस्थान रेंजर्स के क्रिस्टीना दीनू और रोहन बोपन्ना पर 15-10 से जीत हासिल करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष युगल वर्ग में, हैदराबाद स्ट्राइकर्स के विष्णु वर्धन और बेंजामिन लॉक ने पुरुष युगल वर्ग में रोहन बोपन्ना और आर्थर फेरी के खिलाफ 10-8 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई।

#### टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 6 के पुरस्कार विजेता

सबसे मूल्यवान खिलाड़ी - जीवन नेदुनचेझिया (यश मुंबई ईगल्स)
सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी - हैरियट डार्ट (हैदराबाद स्ट्राइकर्स)
सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी - करण सिंह (यश मुंबई ईगल्स)
उपविजेता - यश मुंबई ईगल्स

#### हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने राजस्थान रेंजर्स को 51-42 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

दूसरे सेमीफाइनल में, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने राजस्थान रेंजर्स को 51-42 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हैदराबाद स्ट्राइकर्स के लिए हैरियट डार्ट ने महिला एकल में क्रिस्टीना दीनू के खिलाफ 14-11 से जीत हासिल करते हुए जोरदार शुरूआत की। पुरुष एकल में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें राजस्थान रेंजर्स के आर्थर फेरी ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक पर 13-12 से जीत हासिल की।

## बोटाफोगो ने जीता ब्राजीलियन सेरी ए खिताब

**रियो डी जेनेरियो। एजेंसी**



ग्रेगोर के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से बोटाफोगो ने रविवार को साओ पाउलो को 2-1 से हराकर तीसरी बार ब्राजीलियन सेरी ए खिताब जीतकर 29 साल का इंतजार खत्म किया। बोटाफोगो के लिए मैच के 37वें मिनट में जेफर्सन सावारिनो ने पहला गोल किया, इसके बाद विलियम गोम्स ने 63वें मिनट में साओ पाउलो को लिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। ग्रेगोर ने 92वें मिनट में एक गलत डिफेंसिव पास का फायदा उठाते हुए गोल किया। रियो डी जेनेरियो के ओलंपिक स्टेडियम में हुए इस परिणाम का मतलब था कि बोटाफोगो ने 79 अंकों के साथ सीजन का समापन किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से छह अंक आगे था। यह आठ दिनों में बोटाफोगो के लिए दूसरी बड़ी ट्रॉफी थी, इससे पहले रियो की टीम ने ब्यूनस आयर्स में कोपा लिबटाडोरेस फाइनल में एटलेटिको मिनेरो को 3-1 से हराया था।

बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने कहा कि पिछले सीजन में मिली निराशा के बाद यह खिताब जीतना शानदार है। पिछली बार टीम ने पाल्मेरास से सीरी ए खिताब हारने के लिए 13 अंकों की बढ़त गंवा दी थी। पुर्तगाल के ब्रागा से अप्रैल में क्लब में शामिल हुए जॉर्ज ने स्पोर्टव से कहा मैं बहुत खुश हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हमने इस सीजन में अपने लक्ष्य हासिल किए हैं, बल्कि इसलिए भी कि खिलाड़ियों ने पिछले साल बहुत कुछ झेला। हमारा सीजन असाधारण रहा और प्रशंसक किसी से भी ज्यादा इसके हकदार हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें बहुत कुछ सहना पड़ा है। बोटाफोगो, जिसने पिछले शीर्ष-स्तरीय खिताब 1968 और 1995 में जीते थे, एक ही साल में ब्राजीलियन सीरी ए और कोपा लिबटाडोरेस खिताब हासिल करने वाला केवल तीसरा क्लब है। यह उपलब्धि पेले के सैंटोस ने 1962 और 1963 में और फ्लेमेंगो ने 2019 में भी हासिल की थी। बोटाफोगो की टीम अब अपना ध्यान कतर में होने वाले फीफा इंटरकांटिनेंटल कप के उद्घाटन संस्करण पर लगाएगी, जहां बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मैक्सिको के पचुका से होगा।


## हर खिलाड़ी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए: ललित

**वाराणसी। एजेंसी**



ओलंपियन ललित उपाध्याय ने युवा खिलाड़ियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए सोमवार को टिप्स दिया। परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कॉलेज में हॉकी संघ वाराणसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ओलंपियन ललित उपाधयाय ने युवा खिलाड़ियों में हॉकी किट वितरित कर कहा कि जीवन में आप तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब आप में आगे बढ़ने की भूख होगी। समस्या तो जीवन में आती जाती हैं। उससे घबराना नहीं चाहिए। अभाव का भी रोना नहीं चाहिए। दुनिया में वही आगे जाता है, जो समस्या का हल निकालना जानते हैं। ललित उपाध्याय ने कहा कि मैं भी सामान्य आय वर्ग से आगे आया हूं। साथ ही कभी भी माता पिता और गुरु की बात को टालना नहीं चाहिए। ये जीवन में बार-बार नहीं मिलते हैं। ओलंपिक में दो बार हॉकी में कांस्य पदक जीतने वाले ललित अब तक 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उपाध्याय का मानना है कि हर खिलाड़ी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उसी के अनुसार अपना कार्यक्रम बनाना चाहिए। कार्यक्रम में हॉकी के अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी ललित ने 100 से अधिक खिलाड़ियों में हॉकी किट वितरित किया।

### खो-खो विश्वकप के लिए आज से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर



**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर मंगलवार से प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू होगा। शिविर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा इस शिविर में अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विशेषज्ञों की ओर से पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मैनी ने ऐतिहासिक फॉर्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती

**अबू धाबी। एजेंसी**



कुश मैनी ने इस एफ2 सीजन में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उन्होंने इनविक्टा रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एफ2 कंस्ट्रक्टर चैंपियनशिप जीत ली है। इसके साथ ही कुश जूनियर फॉमूर्ला के शिखर पर एफआई कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय बन गए।

इससे पहले कुश ने एफ2 पोल पोजीशन का दावा करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीजन के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हंगरी में रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रभावी अभियान की नींव रखी, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से उनकी जीत के रूप में हुआ। अंतिम दौड़ के लिए, मैनी ने अबू धाबी क्वालीफाइंग पी6 में एक ठोस क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश किया और दोनों दौड़ में और भी बेहतर शुरूआत की। उन्होंने अपनी पहली लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और पहली लैप में फीचर में 3 स्थान प्राप्त किए। हालाँकि, उनके फर्श पर कुछ क्षति ने उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर डाल दिया, जबकि रुके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीजन को उच्च स्तर पर खत्म करने की उनकी योजना में बाधा डाली।

## व्यापार

### केंद्र बाजरा आधारित उत्पादों को देगा बढ़ावा, 800 करोड़ रुपये आवंटित : रवनीत

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सरकार ने खाद्य उत्पादों में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए 800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) शुरू की है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने सदन को बताया कि इस योजना की अवधि 5 वर्ष है। उन्होंने कहा कि 19 आवेदकों ने प्रोत्साहन दावे प्रस्तुत किए है, जबकि पात्र आवेदकों को अब तक 3.917 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। इन उपायों में उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल की स्थापना और त्वरित समस्या समाधान के लिए समर्पित समूहों का निर्माण शामिल है। इस योजना के दिशा-निदेर्शों को आसानी से समझने के लिए समय-समय पर स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं। इसके नियमित निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली बनाए गए हैं, जबकि योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए समर्पित टीमों के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

## उतार चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

### बाजार में गिरावट के बावजूद निवेशकों को 9 हजार करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में पहुंचा, लेकिन उसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

ऑयल एंड गैस और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 9 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 459.38 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,090.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 156.25 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,856.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,559.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,308.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,426.88 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### टाटा मोटर्स जनवरी से कार की कीमतों में 3 फीसदी की करेगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी व्यावसायिक वाहन का निर्माण करने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने भी अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई दरें जनवरी, 2025 से लागू होंगी। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह अगले साल जनवरी से इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अपने सभी यात्री वाहन पोर्टफोलियो की कीमत में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा जनवरी 2025 से कीमत में बढ़ोतरी मॉडल और वैरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि कच्चे माल की लागत और मुद्रास्फीति में वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए वह वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर समेत कई कार निमार्ता कंपनियों ने जनवरी, 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

# संक्षिप्त खबरें

## इंवेस्ट के नाम पर युवक से 22.53 लाख की ठगी

**जोधपुर।** शहर के प्रतापनगर स्थित कमला नेहरू नगर प्रथम विस्तार योजना में रहने वाले एक युवक को फेस बुक पर ग्रुप में शेयर मार्केट में इंवेस्ट के नाम पर बड़ा मुनाफे का झांसा देकर शातिरों ने 22.53 लाख की ठगी का शिकार बना डाला। युवक को बाद में इसका पता लगा और उसने साइबर थाने में शिकायत दी। अब प्रतापनगर पुलिस थाना पुलिस ने धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज किया है। घटना 5 से 8 नवंबर के बीच की है। पुलिस ने अब अग्रिम अनुसंधान आरंभ किया है। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि सी-60 कमला नेहरू नगर प्रथम विस्तार योजना में रहने वाले राजेंद्र फोफलिया पुत्र नारायण दास माहेश्वरी की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

## मजदूरों को ले जा रहा पिकअप पलटा, 20 घायल

**जबलपुर।** पाटन के पास अमरपुर गांव में सोमवार सुबह मजदूरों से भरा पिकअप वाहन अचानक ही पलट गया। जिसमें सवार करीब 20 मजदूर घायल हो गए। घायलों में 8 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छेड़ी बरोदा गांव के रहने वाले कुछ मजदूर मटर तोड़ने के लिए पिकअप वाहन में पीछे बैठकर महुआ खेड़ा गांव जा रहे थे। जैसे ही तेज रफ्तार पिकअप वाहन अमरपुर पहुंचा।

## सुलतानपुर में युवक की हत्या

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना के ग्राम देवरपुर में सोमवार सुबह एक युवक की लाश मिली। उसके सिर पर गम्भीर चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने हत्या के खुलासे के लिए दो टीम को गठन किया है। क्षेत्राधिकारी कादीपुर ने बताया कि सोमवार सुबह थाना दोस्तपुर के ग्राम देवरपुर में शव मिला है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त किया है। जांच में पता चला कि जौनपुर निवासी सूरज शुक्ला एल एण्ड टी कंपनी कादीपुर में कलेक्शन एजेंट का काम करते हैं। इनके पास से बैग में करीब 77,700 रुपये, मोबाइल, पावर बैंक, पावर मशीन व इनकी बाइक बरामद हुई है।

## कार घोड़ा बग्गी की भिड़ंत में आठ घायल

**बागपत।** बागपत जिले में हाइवे 709 बी पर सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो महिलाओं सहित आठ लोग घायल हैं। एक महिला और उसके पति को गम्भीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। बाकी का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। हादसा सोमवार की सुबह बागपत कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर मोड़ के पास हुआ है। हाइवे पर तेज गति से जा रही एक कार के सामने घोड़ा बग्गी आ गयी। कार की टक्कर से घोड़ी दूर जा रही, कार और घोड़ा बग्गी में सवार सभी लोग घायल हो गए। घोड़ा बग्गी से टकराने के बाद कार किनारे खड़े ट्रक में जा लगी।

## गंगा के किनारे पाया गया युवक का शव

**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र में लीलापुर कछार में सोमवार की सुबह एक युवक का शव रक्त रंजित पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंच रही है। आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सराय इनायत के लीलापुर गांव के समीप गंगा किनारे कछारी क्षेत्र में एक युवक का शव पाया गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

## पिस्टल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** झबरेड़ा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो आरोपितों को पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित पूर्व में डकैती, गैंगस्टर और हत्या के मामलों में जेल जा चुके हैं। दरअसल, झबरेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति झबरेड़ा क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया और शशांक निवासी ग्राम रूहालकी दयालपुर और शुभम निवासी ग्राम खानपुर भगवानपुर को रोका।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली, रोक लगवाने की मांग



**जैसलमेर।** देश की पश्चिमी सरहद पर स्थित सीमांत जिले जैसलमेर में बांग्लादेश में नई सरकार के सत्तासीन होने के बाद वहां अल्पसंख्यक समाज विशेषकर हिंदू समाज के लोगों पर किए जा रहे हमलों और अत्याचारों के खिलाफ रविवार को सीमावर्ती जैसलमेर में सर्व हिंदू समाज के लोगों ने गहरा रोष जताया है। उनके द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। बांग्लादेश में घटित हो रही हिंदू विरोधी घटनाओं के विरोध में गोपा चौक से आक्रोश रैली निकाली गई. जो भाटिया मार्केट, गांधी चौक से हनुमान चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

# गोरखपुर व भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोलेगी योगी सरकार

## पशुओं के नस्ल सुधार पर खास ध्यान देंगे दोनों वेटरिनरी कॉलेज

**लखनऊ। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पशु सम्पदा की गुणवत्ता सुधारने और दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए गोरखपुर व भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोलेगी। इससे पूर्वांचल के साथ–साथ बिहार और नेपाल के पशुपालकों को भी लाभ होगा। गोरखपुर और भदोही के दोनों महाविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होंगे।

गोरखपुर में महाविद्यालय की स्थापना के लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पहले चरण के निर्माण पर 228 करोड़ रुपये की लागत आएगी। फरवरी 2024 के बजट में इसके लिए योगी सरकार 100 करोड़ रुपए आवंटित भी कर चुकी है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताल नदौर का दौरा कर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। गोरखपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय में हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। योगी सरकार की मंशा भविष्य में इसे विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड करने की है।

मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में भदोही में जिस पशु चिकित्सा महाविद्यालय की घोषणा की थी उस पर भी तेजी से अमल हो रहा है। इस बाबत जोरईं और वेदपुर गांव में 15 एकड़ जमीन भी चिह्नित कर ली गई थी। फरवरी 2024 में प्रदेश के बजट में इसके निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हो चुका है।

### ऐसा होगा भदोही का वेटरिनरी कॉलेज

**राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार भदोही में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 10 एकड़ में कालेज का एकेडमिक भवन, प्रयोगशाला और हास्टल का निर्माण होगा। पांच एकड़ में ब्लॉक लेबल कोर्ट कांप्लेक्स का निर्माण होना है। उच्च शिक्षा विभाग से भी इसके निर्माण को एनओसी मिल चुकी है। कॉलेज में स्नातक, स्नातकोत्तर और पशु चिकित्सा से संबंधित पढ़ाई होगी। कालेज के बनने से पूर्वांचल के दस जिलों के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। फिलहाल दूध के उत्पादन के मामले उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। योगी सरकार के इस कदम से यकीनन आने वाले समय में प्रदेश में दूध का उत्पादन और बढ़ेगा।**

# चकराता के उप चिकित्सा केंद्रों में 15 दिन के भीतर होगी एएनएम की तैनाती : मूरतराम

**देहरादून। एजेंसी**



जौनसार-बावर क्षेत्र के सभी उपचिकित्सा केंद्रों पर एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) की तैनाती जल्द ही होने वाली है। जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष मूरतराम शर्मा के प्रयासों से यह पहल साकार होने जा रही है। शर्मा ने बताया कि उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय जैन से भेंट कर इस विषय पर चर्चा की और सभी उपचिकित्सा केंद्रों पर एएनएम नियुक्त करने का आग्रह किया। सीएमओ ने इस पर आश्वासन देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर सभी केंद्रों पर एएनएम की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल से जौनसार-बावर के जनजातीय क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

शर्मा ने सीएमओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे किसानों, श्रमिकों और अन्य लोगों को चिकित्सा सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि स्थानीय लोग लंबे समय से उपचिकित्सा केंद्रों पर एएनएम की तैनाती की मांग कर रहे थे। मूरतराम शर्मा ने इस मांग को लेकर सीएमओ को एक ज्ञापन भी सौंपा था। अब एएनएम की नियुक्ति से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति यून सुक येओल पर यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार

**सियोल। एजेंसी**



दक्षिण कोरिया में नेशनल असेंबली के पूर्ण सत्र में विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव से किसी तरह बचकर निकले राष्ट्रपति यून सुक येओल पर यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार हो रहा है। पुलिस ने आज कहा कि इस बात की समीक्षा की जा रही है कि येओल पर देशद्रोह और पिछले सप्ताह मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा से संबंधित अन्य आरोपों की जांच करने के लिए उयात्रा प्रतिबंध लगाया जाए या नहीं। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, येओल, कई वरिष्ठ सरकारी और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए राजद्रोह, विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं। पुलिस और अभियोजन पक्ष दोनों ने जांच में यून को ₹संदिग्ध₹ के रूप में दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विचार-विमर्श में ₹राष्ट्रपति के देश छोड़ने की संभावना₹ भी शामिल है। जब अधिकारी से बिना वारंट के यून को गिरफ्तार करने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह परिस्थितियों पर निभार करेगा। पुलिस ने यून से व्यक्तिगत पूछताछ करने से इनकार नहीं किया। राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी में राष्ट्रीय जांच कार्यालय के प्रमुख वू जोंग-सू ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि लगभग 150 जांच अधिकारियों की विशेष टीम बनाई गई है। इस बीच रक्षा मंत्रालय ने आज कहा कि दक्षिण कोरिया के सैन्य बलों का नियंत्रण वर्तमान में प्रमुख कमांडर के रूप में राष्ट्रपति यून सुक येओल के पास है।

# सीरिया पर रूस का संरा की मध्यस्थता पर जोर, इजराइली बल गोलान हाइट्स के पास

**मॉस्को। एजेंसी**



सीरिया पर विद्रोहियों के नियंत्रण पर रूस ने कहा कि वह हमेशा सीरिया संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में रहा है। इस समय संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में तत्काल बातचीत फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। इस बीच इजराइली सुरक्षा बल गोलान हाइट्स के पास पहुंच गए हैं। द मॉस्को टाइम्स समाचार पत्र ने कहा कि सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार मास्को में हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने क्रेमलिन स्त्रोत का हवाला देते हुए रविवार शाम यह घोषणा की। असद और उनका परिवार दमिश्क में इस्लामी नेतृत्व वाले विद्रोहियों के प्रवेश के कारण देश छोड़कर भागकर यहां पहुंचे। रूस ने युद्धग्रस्त देश में तेजी से बदलती जमीनी स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। रूस ने मानवीय आधार पर असद और उनके परिवार को शरण दी है। क्रेमलिन सूत्र ने यह भी कहा कि जिन विद्रोहियों ने असद को जबरदस्त हमले में अपदस्थ किया, उन्होंने ₹सीरिया में रूसी सेना के ठिकानों और राजनयिक संस्थानों की सुरक्षा की गारंटी दी है। रूस का ईरान के टार्टस में एक नौसैनिक अड्डा और खमीमिम में एक सैन्य हवाई अड्डा है। मॉस्को की सेनाएं 2015 में सीरियाई संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल हुईं। इससे असद की सेनाओं को खूनी गृहयुद्ध में विपक्ष को कुचलने में सहायता मिली। क्रेमलिन सूत्र ने कहा, ₹रूस हमेशा सीरिया संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में रहा है। हमारा प्रारंभिक बिंदु संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में बातचीत फिर से शुरू करने की आवश्यकता है।

संयुक्त राष्ट्र में एक रूसी प्रतिनिधि ने घोषणा की कि मॉस्को ने सोमवार दोपहर सीरिया की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बंद कमरे में बैठक का अनुरोध किया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूसी अधिकारी सशस्त्र सीरियाई विपक्ष के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। तास ने अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से कहा कि इजराइली सेना गोलान हाइट्स में सीरियाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई।

## जमीनी विवाद में एक घायल


**सोनीपत। सोनीपत में जमीनी विवाद में युवक ने चाचा को चाकू से हमला कर घायल कर दिया अभी हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली के अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनीपत के गांव जटवाड़ा निवासी प्रदीप ने सोमवार को पुलिस को बताया कि उसका पिता रामप्रकाश 7 दिसंबर को किसी काम से उसके ताऊ के लड़के सोनू उर्फ अजय के साथ गया हुआ था। इनका पहले से ही जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसके पिता देर रात तक घर वापस नहीं आए और न ही किसी भी घर वाले का फोन उठाया। हमें उनकी चिंता हुई और पिता की तलाश शुरू की। उन्होंने पिता के फोन की लोकेशन चैक की तो फोन की लोकेशन सोनू की बैठक की दिखी। भाई संदीप के साथ रात को पिता की तलाश में सोनू की बैठक में पहुंचे। वहां पर उसके पिता की मोटरसाइकिल खड़ी थी। सोनू ने उनको देखकर कहा कि तेरे पिता जी को तो मार दिया, अब तुम दोनों की बारी है।**

## नई उपतहसील का उद्घाटन, हजारों लोगों को मिलेगी सहूलियत

**हमीरपुर। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को जाहू में नई उपतहसील का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उपतहसील की स्थापना से जाहू और इसके आसपास की पांच ग्राम पंचायतों के हजारों निवासियों को राजस्व कार्यों में सुविधा मिलेगी। विधायक सुरेश कुमार ने उप तहसील की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से एक उपतहसील की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने इस मांग को प्राथमिकता दी जो अब पूरी हो गई है। सुरेश कुमार ने जाहू की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तीन जिलों का संगम स्थल है और आजादी से पहले एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र था। मंडी, कुल्लू, लाहौल और लेह-लद्दाख तक के व्यापारिक मार्गों का यह महत्वपूर्ण पड़ाव रहा है। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में यह कस्बा राजनीतिक और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रहा। उपतहसील की स्थापना से न केवल राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी।**

# 21 को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाने का निर्णय संस्कृति का सम्मान : शांता

**शिमला। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के रूप में घोषित किए जाने को भारत के लिए गर्व का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और योग व ध्यान के महत्व को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है। शांता कुमार ने सोमवार को एक बयान में कहा कि भारत, श्रीलंका, नेपाल, मेक्सिको और एंडोरा के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र की महासभा में यह निर्णय लिया गया, जिसे 193 देशों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। उन्होंने इसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भारतीय परंपरा का प्रमाण बताया जिसमें पूरे विश्व को एक परिवार माना जाता है।

उन्होंने याद दिलाया कि पहले ही 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया है जो भारत की महान सांस्कृतिक धरोहर और ऋषि-मुनियों के योगदान का सम्मान है। अब 21 दिसंबर को अंतराष्ट्रीय ध्यान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय यह दशार्ता है कि भारत की प्राचीन विधाओं को दुनिया भर में मान्यता और सम्मान मिल रहा है। शांता कुमार ने मीडिया द्वारा इसे न छापने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने इसे अंतर्राष्ट्रीय महत्व का समाचार बताते हुए सभी समाचार पत्रों से इस विषय को प्रमुखता देने की अपील की। शांता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय उनकी नेतृत्व क्षमता और वैश्विक मंच पर भारत की सक्रिय भूमिका का प्रमाण है।

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं और आदर्श समूचे समाज के प्रेरणास्त्रोत : डॉ मोहन

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विराट व्यक्तित्व के धनी थे। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। संसार का एकमात्र सत्ता परिवर्तन ऐसा हुआ जब सत्ताधीश कंस को मारने के बाद श्रीकृष्ण सत्ताधीश बनाने के बजाय उज्जैन आकर शिक्षा ग्रहण कर शिक्षा की महत्ता सिखाते हैं। वृंदावन छोड़ने के बाद भी उन्होंने गांव की संस्कृति के महत्व को दशार्ते हुए मोर मुकुट लगाना नहीं छोड़ा। पांच हजार वर्षों बाद भी कल्पनाशीलता के आधार पर जनमानस को प्रभु की लीलाओं का साक्षी बनाने का कार्य राजाधिराज लव.लाइफ.लीला नाटक का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार देर शाम दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में धनराज नाथवानी कृत राजाधिराज लव- लाइफ- लीला के म्यूजिकल एल्बम विमोचन कार्यक्रम को संबोधित का रहे थे। उन्होंने इस मौके पर राजाधिराज लव- लाइफ- लीला के म्यूजिकल एल्बम का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धनराज और भूमि नाथवानी सहित पूरी टीम को इस संगीतमय प्रस्तुति की लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। राजाधिराज लव-लाइफ-लीला भगवान श्रीकृष्ण के जीवनलीलाओं का चित्रण करता एक सुपरहिट मेगा म्यूजिकल नाटक है। इस नाट्य के गीतकार प्रसून जोशी, संगीतकार सचिन-जिगर, निमार्ता भूमि नाथवानी और निर्देशक श्रुति शर्मा हैं।

नाट्य में भारतीय शास्त्रीय और पश्चिमी सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा का सम्मोहक मिश्रण है, जिसमें मंच अभिनेताओं द्वारा लाइव गायन किया गया है। हवेली संगीत, राजस्थानी और गुजराती लोक, सपकरा, रास गरबा और हिंदुस्तानी अर्ध-शास्त्रीय संगीत जैसी कई शैलियों पर आधारित संगीत और कत्थक, रास गरबा, भरतनाट्यम, छऊ और कलारी जैसी नृत्यकलाओं को इस नाट्य में सम्मिलित किया गया है।

**पर्यटक** › प्रकृति प्रेमियों और वन्य जीव दर्शन का शौक रखने वाले लोगों के लिए लखीमपुर एक पर्यटन जनपद

# लखीमपुर में गोमती नदी के तट पर रमणीय स्थल तक खिंचे चले आते पर्यटक

**लखनऊ। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में गोमती नदी के तट पर रमणीय स्थलों की भरमार है। इन रमणीय स्थलों पर लखीमपुर आने वाले पर्यटक अपने आप ही खिंचे चले आते हैं। पर्यटकों के यहां तक पहुंचने के कारण उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की टीम भी यहां तक पहुंची है। लखनऊ से 130 किलोमीटर की दूरी पर लखीमपुर जनपद अपने में प्रकृति की सुंदरता छुपाये हुए स्थित है। प्रकृति प्रेमियों और वन्य जीव दर्शन का शौक रखने वाले लोगों के लिए लखीमपुर एक पर्यटन जनपद भी है। लखनऊ से सीतापुर होते हुए लखीमपुर तक पहुंचा जा सकता है। लखीमपुर में गोमती नदी बहती है और उसके दोनों किनारों पर रमणीय पर्यटक स्थलों की बड़ी संख्या है। लखीमपुर जनपद के निवासी अध्यापक देवेश कुमार बताते हैं कि आजकल लखीमपुर में बाहर से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। विशेष रूप से लखनऊ से यहां लोग आते हैं, जिनकी पहली पसंद गोला गोकर्णनाथ के दर्शन और दुधवा नेशनल पार्क होती है। इसके बाद गोमती नदी के किनारे बसे रमणीय स्थलों में उचवा हनुमानगढ़ी आश्रम, अमरी देवी मंदिर, टेढ़ेनाथ घाट देखने लोगों का पहुंचना होता है।

पर्यटकों की सहायता करने वाले देवेश कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि लखीमपुर के मोहम्मदी के निकट हरिहरापुर गांव में उचवा हनुमानगढ़ी आश्रम स्थित है। विराट परिक्रमा के दौरान यहां पर श्रद्धालुओं का रुकखा होता है। अमरी देवी के नाम पर अमरी घाट और बाद में एक विशालकाय मंदिर बना है। यह स्थान जैती फिरोजपुर गांव में है। अमरी देवी की कृपा है, यहां गोमती नदी उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा की ओर बहती है। उन्होंने बताया कि अमरी देवी मंदिर पर प्रत्येक अमावस्या पर मेला लगता है। दूर-दूर से यहां श्रद्धालुओं का पहुंचना होता है। इसी तरह रमणीय स्थल के रूप में टेढ़ेनाथ घाट पर बाबा टेढ़ेनाथ धाम बना हुआ है।

सैदापुर गांव में रमणीय स्थालों में से एक स्थल के रूप में टेढ़ेनाथ धाम स्थित है। यहां शिवलिंग को पाण्डवों के ज्येष्ठ भ्राता धर्मराज युधिष्ठिर द्वारा पूजित माना जाता है। पर्यटन विभाग से जुड़े अधिकारी दिनेश ने कहा कि लखीमपुर के रमणीय स्थलों को और भी विकसित करने की पर्यटन विभाग की पूरी तैयारी है। जिसके लिए पर्यटन विभाग के अध्यक्ष के सम्मुख तमाम प्रमुख बिन्दुओं को रखा गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में नये पर्यटक स्थलों को विकसित करने और पुराने पर्यटन क्षेत्रों के लिए तमाम विकास कार्यों की योजना बनी है।

उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ 2025 में उत्तर प्रदेश आने के लिए तैयार पर्यटकों ने बीते दिनों गूगल पर प्रयागराज के अलावा अयोध्या, आगरा, वाराणसी और इसके बाद लखीमपुर को सबसे ज्यादा सर्च किया है। नेपाल बार्डर से जुड़े लखीमपुर क्षेत्र में प्रकृति की सुंदरता व्याप्त है और जो पर्यटकों को अपने ओर आकर्षित करती है।

# पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अदालतों को नहीं दिया फैसला सुनाने का अधिकार

**इस्लामाबाद। एजेंसी**



● शीर्ष अदालत ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संघीय सरकार को तगड़ा झटका देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सैन्य अदालतों को फैसले सुनाने का अधिकार देने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ के सदस्य जस्टिस मुसर्रत हिलाली ने टिप्पणी की, ₹अनुमति देने का मतलब सैन्य अदालतों के अधिकार को मान्यता देना होगा। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार जस्टिस अमीन-उद-दीन खान की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जमाल खान मंडोखाइल, जस्टिस मोहम्मद अली मजहर, जस्टिस सैयद हसन अजहर रिजवी, जस्टिस नईम अख्तर अफगान और जस्टिस शाहिद बिलाल हसन भी शामिल हैं। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने आज पूर्व मुख्य न्यायाधीश जव्वाद एस ख्वाजा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें 26वें संवैधानिक संशोधन मुद्दे पर फैसला होने तक सैन्य अदालतों में नागरिकों के मुकदमे से संबंधित मामलों की सुनवाई स्थगित करने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

